अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 214 लखनऊ, गुरुवार, 19 फरवरी 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### योगी ने पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि रमज़ान के पवित्र दिनों में रोज़ा, मानवता की सेवा, ईश्वर की बन्दगी जैसे नेक कार्यों से धैर्य, आत्म अनुशासन, सहनशीलता, सादगी आदि मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। इससे परस्पर प्रेम और भाईचारे की भावना बलवती होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश समरसता, बन्धुता और सांस्कृतिक एकता की मिसाल है।

### सैनिक विकलांगता पेंशन पर कर लगाना अनुचित: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा सशस्त्र बलों के कर्मियों की विकलांगता पेंशन पर कर लगाने के फैसले का कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस ने कहा कि अगर सरकार ने 28 फरवरी तक यह फैसला वापस नहीं लिया तो एक मार्च को पार्टी कार्यकर्ता जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी (सेवानिवृत्त) ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि देश में करीब 2 लाख विकलांग सैनिक हैं, जबकि 50 लाख के आसपास सर्विंग और पूर्व सैनिक तथा युद्ध विधवाएं हैं। यानी लगभग 58 लाख लोगों का अपमान किया जा रहा है। अगर सरकार ने 28 फरवरी तक यह फैसला वापस नहीं लिया तो कांग्रेस एक मार्च को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेगी।चौधरी ने कहा कि सैनिकों की विकलांगता पेंशन पर कर लगाना अनुचित है।

### लखनऊ और अयोध्या में दिख गया चांद : आज से माह-ए- रमज़ान, बिखरी रौनक

लखनऊ। चांद दिखने के बाद आज यानी गुरुवार से माह-ए-रमज़ान की शुरुआत होगी। 19 फरवरी से पहला रोज़ा रखा जाएगा। रमज़ान मुस्लिमों के लिए रहमत, मगफिरत और नजात का महीना है। इस दौरान रोज़ेदार सुबह सहरी से लेकर शाम इफ्तार तक अल्लाह की इबादत, कुरान तिलावत और नेकी के कामों में मशगूल रहते हैं। लखनऊ में बुधवार को रमजान का चांद नजर आया है, मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने चांद दिखाई देने का ऐलान किया है। कमेटी के मुताबिक गुरुवार यानी जुमेरात (19 फरवरी ) को पहला रोजा होगा। वहीं चांद दिखाई देने के बाद अयोध्या में मस्जिदें रौशन हो गई हैं। तरावीह की नमाज़ से मस्जिदें गूंजने लगी हैं।

# उप्र में 3.26 करोड़ मतदाताओं को एसआईआर नोटिस

- एसआईआर में एक करोड़ 15 लाख मतदाताओं की सुनवाई पूरी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि प्रदेश में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम तेजी से चल रहा है। अब तक एक करोड़ 15 लाख मतदाताओं की सुनवाई पूरी हो चुकी है। वहीं कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को 30 लाख, 9 फरवरी को 37 लाख, 13 फरवरी को 60 लाख, 14 फरवरी को 69 लाख , 15 फरवरी को 79 लाख मतदाताओं की सुनवाई पूरी की जा चुकी है और 27 मार्च तक सुनवाई पूरी कर ली जाएगी।

उन्होंने बताया कि मतदाताओं के लिए सुनवाई को सुगम और सरल बनाने के लिए बीएलओ से कहा गया है कि वे नोटिस में सुनवाई का समय और स्थल का जरूर उल्लेख करें। इसी प्रकार यह भी निर्देश हैं कि बीएलओ मतदाता के घर जाकर नोटिस देंगे और अगर मतदाता उपलब्ध नहीं है तो उसके परिवार के 12 लोगों को नोटिस दे सकते हैं ताकि आसानी से संबंधित व्यक्ति तक पहुंच जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 4635 स्थानों पर 13161 अधिकारी सुनवाई कर रहे हैं जबकि पहले यह संख्या कम थी। कई जिलों में सुनवाई का काम 90 फीसदी पूरा हो चुकी है। उन्होंने बताया कि नए नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6 स्वीकार किए जा रहे हैं। इनमें 6 जनवरी से 17 फरवरी तक 54 लाख फार्म आ चुके हैं। इनमें पुरुषों के 27 लाख 614 और महिलाओं के 27 लाख 20 हजार 320 हैं। अगर अब तक जमा हुए फार्म 6 की बात करें तो कुल फार्म 70 लाख 39 हजार 428 हैं। इनमें पुरुष ज्यादा हैं।

**चुनाव आयोग अधिकारियों को देगा प्रशिक्षण**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एसआईआर में लगे कुछ बीएलओ व उनसे ऊपर के अधिकारियों को ट्रेनिंग नहीं दी जा सकी है। ऐसे सभी अधिकारियों को भी जल्द ट्रेनिंग दी जाएगी। इनमें कुछ जिला निर्वाचन अधिकारी और विभिन्न जिलों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शामिल हैं।

विभाग का विशेष फोकस महिला और युवा मतदाताओं पर है। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग से 9,11,779 फार्म 6 प्राप्त हुए हैं।

इसी प्रकार सूची से नाम कटवाने के लिए जमा होने वाले फार्म 7 के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 6 जनवरी से 17 फरवरी तक एक लाख 40 हजार 425 फार्म जमा हुए हैं। इनमें पुरुषों के फार्म 84 हजार 667 और महिलाओं के 55 हजार 752 फार्म जमा हुए हैं। अगर 27 अक्टूबर से 17 फरवरी तक की संख्या लें तो एक लाख 89 हजार 168 फार्म जमा हुए हैं। इनमें पुरुषों के एक लाख 12 हजार 994 फार्म हैं जबकि महिलाओं के फार्म 76 हजार 866 फार्म हैं। उन्होंने बताया कि खुद अपना नाम कटवाने के लिए 70 हजार 865 लोगों ने फार्म 7 जमा किया है। छह जनवरी से 16 फरवरी तक केवल 4336 लोगों के नाम काटे गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में दूसरों के द्वारा फार्म 7 जमा कर नाम कटवाए जाने के आरोपों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बाबागंज, प्रतापगढ, सकलडीहा, भोजीपुरा बरेली, बलिया, विधूना, अयोध्या, मैनपुरी की जिक्र किया। इन सभी जगह जांच की गई तो कहीं भी त्रुटि नहीं मिली। उन्होंने बताया कि आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल के लोग मिले और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया है।

# 'रोबोटिक कुत्ता' विवाद में गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई इंपैक्ट समिट से बाहर

एजेंसी



नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी) पर चीन के रोबोटिक डॉग को अपना बताकर पेश करने के लगे आरोपों के बाद केंद्र सरकार ने उन्हें तुरंत एक्सपो खाली करने के आदेश दिए हैं। बुधवार को यूनिवर्सिटी का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद सरकारी सूत्रों ने बताया कि उन्हें भारत एआई इंपैक्ट एक्सपो को तत्काल खाली करने के लिए कहा गया है।

आरोप है कि भारत मंडपम में चल रहे भारत एआई इंपैक्ट समिट में यूनिवर्सिटी की तरफ से इस रोबोट को भारत में विकसित टेक्नोलॉजी के तौर पर पेश किया गया था। दावा था कि यह रोबोट यूनिवर्सिटी की इन हाउस विकसित तकनीक है।

उल्लेखनीय है कि एआई एक्सपो के दूसरे दिन दो रोबोटिक डॉग देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए और इस वीडियो के सामने आने के बाद कई टेक एक्सपर्ट्स और यूजर्स ने दावा किया कि यह असल में चीनी कंपनी यूनिट्री का रोबो मॉडल है, जो बाजार में 2 से 3 लाख रुपये की कीमत में उपलब्ध है। इस एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग में 4 डी लीडार तकनीक का इस्तेमाल हुआ है, जिसकी मदद से ये सीढ़ियां चढ़ने के अलावा ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी आसानी से चल सकता है।

# निजी अंग पकड़ना, पायजामे का नाड़ा खींचना 'बलात्कार का प्रयास' है : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक विवादास्पद आदेश को रद्द करते हुए कहा है कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना ''बलात्कार का प्रयास'' है। उच्च न्यायालय ने अपने विवादित आदेश में कहा था कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना ''बलात्कार करने की केवल तैयारी'' हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि विवादित आदेश को ''आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत




प्रयोग'' के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेकर दायर याचिका पर 10 फरवरी को यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के इस आदेश का संज्ञान लिया है कि केवल ''निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के बराबर नहीं'' है।

उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया और मामले के दो आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज बलात्कार के प्रयास के मूल कड़े आरोपों को बहाल कर दिया। पीठ ने कहा, ''हम उच्च न्यायालय के इस निष्कर्ष से सहमत नहीं हो सकते कि इस मामले में आरोप केवल तैयारी से संबंधित थे और वे बलात्कार करने का प्रयास का नहीं थे।'' उसने कहा, ''आरोपियों द्वारा किया गया प्रयास हमें स्पष्ट और अनिवार्य रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचाता है कि शिकायतकर्ता और अभियोजन पक्ष द्वारा बलात्कार के प्रयास से संबंधित प्रावधान लागू किए जाने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है।

# एआई इम्पैक्ट समिट : एआई और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर जोर

- प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान और कजाखस्तान के प्रधानमंत्रियों से की मुलाकात

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एआई इम्पैक्ट समिट के इतर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और कजाखस्तान के प्रधानमंत्री ओलझास बेक्टेनोव से मुलाकात की। इस दौरान भारत ने भूटान के साथ ऊर्जा, कनेक्टिविटी, एआई और विकास साझेदारी मजबूत करने पर सहमति जताई। वहीं कजाखस्तान के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, कनेक्टिविटी और उभरती प्रौद्योगिकी समेत व्यापक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों बैठकों में एआई और नई तकनीकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया।

प्रधानमंत्री ने भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। यह समीक्षा नवंबर 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की भूटान यात्रा के बाद हुई प्रगति पर आधारित रही। तोबगे ने भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना और गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना में भारत के समर्थन के लिए आभार जताया।

दोनों नेताओं ने ऊर्जा, कनेक्टिविटी और विकास साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्ष एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए। इसमें अनुभव साझा करना और संयुक्त समाधान विकसित करना शामिल है। भारत और भूटान के संबंध पारंपरिक मित्रता और विश्वास पर आधारित हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कजाखस्तान के प्रधानमंत्री ओलझास बेक्टेनोव से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एआई इम्पैक्ट समिट में उनकी भागीदारी की सराहना की। इसे दोनों देशों की तकनीक के उपयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया गया। बैठक में दोनों नेताओं ने राजनीतिक, व्यापार, रक्षा और सुरक्षा सहयोग की समीक्षा की। ऊर्जा, कनेक्टिविटी और उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। लोगों के बीच संपर्क मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

# 2017 की अपेक्षा बिजली उपभोक्ता हुये दोगुना : एके शर्मा

- यूपी विधानसभा : प्रश्नकाल में सड़क व बिजली से जुड़े विपक्ष के सवालों का सरकार ने दिया जवाब

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को प्रश्नकाल में प्रदेश की बिजली व्यवस्था से कई प्रश्न उठे। सरकार का पक्ष रखते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में 2017 की अपेक्षा बिजली उपभोक्ता अब दोगुना हो गए हैं।

सदन में आज सदस्य अतुल प्रधान के सवाल पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2017 में एक लाख 20 हजार मजरों का विद्युतीकरण हुआ था। अब तक दो लाख 50 हजार मजरों का विद्युतीकरण किया गया है। डॉ रागिनी के सवाल पर शर्मा ने कहा कि हम लाइफ लाइन कंज्यूमर (गरीब जो कम बिजली खर्च करते हैं) को विशेष सुविधा दे रहे हैं। प्रदेश में हमारे तीन करोड़ 72 लाख ग्राहक हैं। 2017 में 01 करोड़ 80 लाख ग्राहक थे। कुल ग्राहकों में से एक करोड़ 68 लाख लाइफ लाइन कंज्यूमर हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार राज्य में बकाया बिजली पर ब्याज 100 फीसदी माफ और 25 फीसदी मूलधन माफ किया है। सरकार को 4 हजार 600 करोड़ मिला है।

इसका लाभ आठ हजार करोड़ से अधिक ग्राहकों को मिला है। विपक्ष के राकेश वर्मा के एक अन्य सवाल पर एके शर्मा ने कहा कि जितनी बिजली आप पैदा कर रहे थे, उतनी बिजली हमारी सरकार में सोलर से पैदा हो रही है।

सदन में प्रश्नकाल में विपक्ष के सदस्यों ने सड़कों की स्थिति जुड़े सवाल उठाये। समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल प्रधान के सवाल पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सदस्य को मालूम होना चाहिए। प्रदेश में अब योगी सरकार है। यह पहले वाले समय को समझ रहे हैं। उसी हिसाब से सड़कों के हाल पर बोल रहे हैं। अब सड़कों की हालत बहुत अच्छी है। पहले इनकी सरकार में सड़क निर्माण के बाद आठ साल में मरम्मत की व्यवस्था थी। उसे हमने कम करते हुए पांच साल कर दिया है। सड़क निर्माण के बाद अब पांच साल में सड़क रिपेयर की जाती है। रही बात चित्रकूट की करें तो वहां 150 सड़कें बनीं। आपकी विधानसभा में वर्ष 2025-26 में 205 किलोमीटर पैचवर्क का कार्य किया गया। इस सरकार में सड़क की स्थिति ठीक हुई है। हकीकत यह है कि जिन मार्गों से चार से पांच घंटे यात्रा करने में लगता था, उनपर दो ढाई घण्टे लग रहे हैं।

# उप्र बनेगा ईको टूरिज्म हब, दूरदर्शी नीतियों के साथ बढ़ रहे आगे : जयवीर सिंह

- सरकार ने 10 ईको टूरिज्म स्थलों के संचालन के लिए मांगे प्रस्ताव
- प्राकृतिक धरोहरों के पेशेवर प्रबंधन के लिए इच्छुक करें 27 तक आवेदन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। प्रदेश के हरित पर्यटन को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड (यूपीईटीडीबी) ने राज्य के 10 प्रमुख ईको टूरिज्म स्थलों के संचालन और देखरेख के लिए इच्छुक संस्थाओं, कंपनियों एवं अनुभवी एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। बोर्ड के इस कदम से न केवल प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि दीर्घकालिक निवेश, गुणवत्ता सुधार और पर्यावरण संरक्षण के समन्वित मॉडल को भी सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा।

# शिक्षा और स्वास्थ्य सबको सुलभ होना चाहिए : डॉ. मोहन भागवत

- संघ का लक्ष्य भारत को परम वैभव सम्पन्न बनाना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क







लखनऊ। शिक्षा और स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकता है। यह व्यवसाय नहीं हो सकते। शिक्षा और स्वास्थ्य सबके लिए सुलभ होने चाहिए। ये बातें सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम के लोगों ने शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया। हमारी शिक्षा व्यवस्था हटाकर अपनी थोपी। जिससे उन्हें काम करने के लिए काले अंग्रेज मिल जाए। अंग्रेजों ने जो बिगाड़ा उसको ठीक करना होगा।

उन्होंने कहा कि संघ का कार्य देश को परम वैभव सम्पन्न बनाना है। मैं और मेरा परिवार ही सबकुछ है, यह न सोच कर पूरे देश के लिए सोचना होगा। संघ समाज की एकता और गुणवत्ता की चिंता करता है। संघ को समझना है तो संघ के अंदर आकर देखिये। संघ को पढ़ कर नहीं समझा जा सकता है। संघ को सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने वाला एक ही काम करना है। संघ किसी के विरोध में नहीं है। संघ को लोकप्रियता, प्रभाव और शक्ति नहीं चाहिए।

शोध की बड़ी भूमिका महत्वपूर्ण- सरसंघचालक ने कहा कि भारत की दिशा और दशा बदलने में शोध की बड़ी भूमिका है। सत्य परक बातें सामने आनी चाहिए। अज्ञानता से भारत को हम समझ ही नहीं पाएंगे। उन्होने शोधार्थियों से कहा कि जो भी शोध करें उसे उत्कृष्ट रूप से, प्रामाणिकता पूर्वक, तन-मन-धन से, निःस्वार्थ भाव से देश के लिए करें। उन्होंने कहा कि संघ को लेकर बहुत दुष्प्रचार होता है। शोधार्थियों को सत्य सामने लाना चाहिए।

### सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनाना होगा

वैश्वीकरण पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई बहुत बड़ी चुनौती नहीं है। आज वैश्वीकरण का मतलब बाजारीकरण से है, जो खतरनाक है। हम वसुधैव कुटुंबकम्‌ की बात करते हैं। यानी पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। जब तक सब सुखी नहीं होंगे, एक व्यक्ति सुखी नहीं हो सकता है। इसलिए हमारा जीवन संयमित होना चाहिए, उपभोगवादी नहीं होना चाहिए। संयम, त्याग का जीवन हमारे संस्कृति आत्मबोध में है। पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया। उन देशों की सोच है कि बलशाली बनकर खुद जियो और बाकी को छोड़ दो, जो बाधक बने, उन्हें मिटा दो।यही काम आज अमेरिका, चीन कर रहे हैं। लेकिन आज दुनिया भर की समस्याओं के प्रश्नों का उत्तर भारत के पास है। विश्व गुरु बनना है तो सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा। दुनिया तभी मानती है जब सत्य के पीछे शक्ति हो।

### धर्म का स्वरूप शाश्वत है

उन्होंने कहा कि धर्म का शाश्वत स्वरूप सदैव प्रासंगिक है। सृष्टि जिन नियमों से चलती है, वह धर्म है। धूल का एक भी कण धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता है। धर्म सबको सुख पहुंचाता है। हमारी सभी बातों में धर्म लागू है। आचरण धर्म, देश, काल के अनुसार बदलता रहता है। धर्म बताता है कि हमें अकेले नहीं सबके साथ जीना है।

पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें

संघ प्रमुख ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम लोगों को मित्र भाव से जीवन को जीना चाहिए । पेड़ लगाना, पानी बचाना, एकल प्लास्टिक का प्रयोग न करना जैसे कार्य पर्यावरण संरक्षण में सहायक हो सकते हैं। हमें आधुनिक तकनीक का भी पर्यावरण संरक्षण में उपयोग करना चाहिए।

# स्किल हब बनेगा उत्तर प्रदेश, 'कौशल कनेक्ट सेल' से युवाओं को सीधे मिलेगा रोजगार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने एक बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को उनकी जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित कार्यबल उपलब्ध कराने के लिए 'कौशल कनेक्ट सेल' बनाई गई है। बुधवार को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मिशन में प्रशिक्षण और सेवायोजन (रोजगार) की प्रक्रिया को गति देने के लिए स्पीडअप-पीएमयू को आबद्ध किया गया है। यह पीएमयू अब 'कौशल कनेक्ट सेल' के माध्यम से निवेशकों के साथ रियल-टाइम समन्वय स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि 'कौशल कनेक्ट सेल' केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं होगी, बल्कि इसके कार्य जमीन पर बदलाव लाएंगे। उन्होंने कहा कि रियल-टाइम ट्रैकिंग कर इन्वेस्ट यूपी के साथ दैनिक समन्वय कर निर्गत प्रोजेक्ट्स की स्थिति को अपडेट रखना यह सेल का मुख्य कार्य होगा। इसके साथ ही किस जिले में कितना निवेश आ रहा है और वहां किस सेक्टर (जैसे ऑटोमोबाइल, आईटी, टेक्सटाइल आदि) में कितने युवाओं की जरूरत है, इसका डेटाबेस तैयार करना भी उसकी जिम्मेदारी होगी। निवेशकों के एचआर विभाग से लगातार संपर्क में रहना और ट्रेनिंग पार्टनर्स के माध्यम से प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को संबंधित उद्योगों की जरूरत के अनुसार रोजगार सुनिश्चित करना भी सेल का काम होगा।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि वर्तमान में मिशन लगभग 35 सेक्टर्स और 1300 से अधिक जॉब रोल्स में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। 'कौशल कनेक्ट सेल' के सक्रिय होने से अब ट्रेनिंग और इंडस्ट्री की मांग के बीच का अंतर खत्म होगा और यूपी के युवाओं को उनके जिले में ही बड़े उद्योगों में नौकरी मिल सकेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। 'कौशल कनेक्ट सेल' की स्थापना न केवल प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को 'स्किल हब' के बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए दोनों विभागों की ओर से एकल संपर्क सूत्र (एसपीओसी) नामित किए गए हैं। इन्वेस्ट यूपी की ओर से ओमैर शहिद, टीम लीडर एसपीओसी के रूप में कार्य करेंगे। कौशल विकास मिशन के इस सेल का नेतृत्व डॉ. पवित्रा टंडन, सहायक निदेशक करेंगे। मिशन के एसपीओसी अतुल कुमार सिंह को नामित किया गया है। उनकी सहायता के लिए धनंजय कुमार द्विवेदी और ज्योति श्रीवास्तव को भी टीम में शामिल किया गया है।

# विधानसभा में गूंजा मुफ्त बिजली और शिक्षा मित्रों के मानदेय का मुद्दा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- सपा विधायक अतुल प्रधान और मंत्री के बीच हुई नोकझोंक

लखनऊ। यूपी असेम्बली के बजट सत्र के आठवें दिन आज बुधवार को काफी गहमागहमी रही। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने जनप्रतिनिधियों की गरिमा और अफसरों की मनमानी का मुद्दा जोरशोर से उठाया। विधायकों की शिकायत थी कि जिले के प्रशासनिक अधिकारी और पुलिसकर्मी उनका फोन तक रिसीव नहीं करते, जिससे जनहित के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस गंभीर विषय पर हस्तक्षेप करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाया और स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि अधिकारी न केवल विधायकों का फोन उठाएं, बल्कि उन्हें उचित सम्मान भी दें। सदन में आज किसानों की बिजली, शिक्षा मित्रों का भविष्य और सड़कों की हालत जैसे मुद्दों पर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली।विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों पर विधायकों का सहयोग करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सदन में चर्चा के दौरान सपा विधायक अतुल प्रधान ने किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली न मिलने का मामला उठाया।दोनों के बीच कुछ तनातनी भी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में पांच लाख किसानों को इस योजना से बाहर कर दिया गया है। इस पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सफाई देते हुए कहा कि जिन किसानों ने पंजीकरण नहीं कराया है, केवल उन्हें ही लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान विधायक द्वारा मंत्री को श्झूठाश कहे जाने पर स्पीकर ने आपत्ति जताई और शब्द को कार्यवाही से निकालने का निर्देश दिया।सदन में शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों की बदहाली का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। सपा विधायक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 10 साल से शिक्षा मित्र लाचार हैं और कम मानदेय के कारण कई लोग आत्महत्या कर चुके हैं। जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार ने शिक्षा मित्रों का मानदेय 3500 से बढ़ाकर 10 हजार किया है और उन्हें कैशलेस चिकित्सा सुविधा से भी जोड़ा गया है। इसी बीच, चाचा शिवपाल यादव ने मंत्री एके शर्मा पर तंज कसते हुए कहा कि मंत्री जी ऐसे बात कर रहे हैं जैसे 2017 से पहले कोई काम ही नहीं हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### पांडुलिपियों, दुर्लभ ग्रंथों को सहेजकर डिजिटल रूप देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** वर्तमान और भावी पीढ़यां विरासत पर गर्व की अनुभूति कर सकें, इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार ने हमेशा प्रतिबद्धता जताई है। भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने के महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय अभियान 'ज्ञान भारतम मिशन' में प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। पांडुलिपियों और दुर्लभ ग्रंथों को सहेजकर विश्व पटल पर डिजिटल रूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में जिला स्तर पर पांडुलिपियों को चिन्हित व संग्रहीत करने के आदेश जारी किए हैं। पर्यवेक्षण के लिए हर जिले में सीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। विरासत के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत हर जिले में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पांडुलिपियों एवं दुर्लभ ग्रंथों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है ताकि यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। उत्तर प्रदेश के लिए यह अभियान और भी विशेष है क्योंकि उत्तर प्रदेश को प्राचीन ज्ञान दर्शन, साहित्य और संस्कृति की भूमि माना जाता है। गोरखपुर के उप निदेशक संस्कृति यशवंत सिंह राठौर ने बताया कि 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों, व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों और अन्य दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटलॉगिंग, संरक्षण तथा डिजिटलीकरण का कार्य किया जाना है। पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण होने से यह ज्ञान भारतम पोर्टल के माध्यम से आमजन को आसानी से उपलब्ध हो जाएंगी।रखरखाव के अभाव में व्यक्तियों या संस्थाओं के पास उपलब्ध कई ग्रंथ नष्ट होने की कगार पर हैं। अब जिला स्तर पर इन ग्रंथों को चिन्हित करने और उनके संरक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला स्तर पर अभियान चलाकर पांडुलिपियों का संग्रह करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं से संपर्क कर उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें हाथ से लिखे उन ग्रंथों को शामिल किया जाएगा जो 75 वर्ष से अधिक प्राचीन हों।

### अटारी के सीड पार्क की स्थापना के लिए 51.33 करोड़ मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने और कृषि क्षेत्र की उत्पादकता तथा उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण परियोजनाओं हेतु कुल 65.15 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लखनऊ स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र अटारी में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क की स्थापना के लिए 51 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस सीड पार्क के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्म के बीज सुलभ होंगे, जिससे उनकी आय और फसल उत्पादन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के मानक मदों में राज्यांश सम्मिलित करते हुए कुल 9 करोड़ 5 लाख 62 हजार 500 रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के लिए 4 करोड़ 68 लाख 5 हजार 550 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिससे प्रदेश में खाद्य तेलों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अंतर्गत आजमगढ़ कैंपस में महिला छात्रावास के अवशेष निर्माण कार्यों हेतु 7.66 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सरकार द्वारा जारी इन निवेशों से उत्तर प्रदेश के कृषि परिदृश्य में संरचनात्मक सुधार होंगे और तकनीकी प्रसार को मजबूती मिलेगी।

### उप्र विधानसभा में उठा कांग्रेस प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज का मुद्दा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को प्रदेश भर में मंगलवार को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठा। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा प्रदेश में सबकुछ ठीक है। ऐसी क्या जरूरत पड़ी धरना प्रदर्शन करने की। कांग्रेस की नेता यहां जो चाहती हैं, बोल लेती हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि ऐसी क्या परिस्थिति बनी जो प्रदर्शन करने की जरूरत पड़ गयी। दरअसल कांग्रेस की नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने सदन में पीठ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कांग्रेस जन मंगलवार को शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। मैं और मेरे साथी को विधानसभा आने नहीं दिया गया। लाठीचार्ज किया गया।

# स्वामी रामकृष्ण परमहंस का जीवन मानवता की सेवा का अद्वितीय उदाहरण : केशव मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, सात कालिदास मार्ग पर आध्यात्मिक गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस का जीवन ईश्वरभक्ति, करुणा और मानवता की सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। स्वामी जी ने अपने विचारों और आध्यात्मिक साधना के माध्यम से समाज को प्रेम, सहिष्णुता और आत्मबोध का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी जी की शिक्षाएं, उनका जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को एकता, सद्भाव तथा नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करता है। उनका जीवन दर्शन और विचारधारा से प्रेरणा लेकर हमें समाज के उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

# पिछली सरकारों में ठेके पर होती थी नकल : माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी

- लखनऊ समेत प्रदेश के 8033 परीक्षा केंद्रों में परीक्षाएं शुरु
- परीक्षा के पहले दिन माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने लखनऊ के परीक्षा केंद्र का जायजा लिया



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज यूपी बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार को प्रदेश के 8033 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से शुरु हुईं। राजधानी लखनऊ में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षार्थियों का मुंह मीठा कराकर उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं और योगी सरकार में नकल की बात कोई सोच भी नहीं सकता है, जबकि पिछली सरकार में ठेके पर नकल कराई जाती थी। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव के साथ बोर्ड परीक्षा के पहले दिन बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जियामऊ, लखनऊ परीक्षा केंद्र पर पहुंची। उन्होंने यहां छात्राओं का टीका लगाकर मुंह मीठा कराया और गुलाब का फूल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में ठेके पर नकल होती थी, लेकिन योगी सरकार में नकल के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता। यदि कहीं ऐसा हुआ तो उसके खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो कभी सोचा न गया हो। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने परीक्षार्थियों से कहा कि चिंता मुक्त होकर परीक्षा दें। यही मेरी शुभकामनाएं हैं। मंत्री ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं आज 18 फरवरी से प्रदेश भर में आयोजित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं में 53 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं । प्रयागराज और लखनऊ में राज्य स्तरीय आनलाइन मानीटरिंग सेंटर बनाए गए हैं, जहां प्रदेश भर के परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जा रही है। बोर्ड परीक्षाएं 12 मार्च तक संचालित की जाएंगी। आज से शुरु हो रहीं बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल में 27,61,696 एवं इंटरमीडिएट 25,76,082 परीक्षार्थी शामिल होंगें। प्रदेश में 8033 परीक्षा केंद्र स्थापित हैं। इनमें 596 राजकीय, 3453 सहायता प्राप्त एवं 3984 निजी विद्यालय शामिल हैं।

### खादी आश्रम की जमीन अब वापस लेगी सरकार: खन्ना

लखनऊ। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि खादी आश्रम की जमीन को सपा सरकार में कुछ लोगों को समझौते के तहत दिया गया था जिसे अब सरकार ने अपने पक्ष में अधिग्रहीत करने का मन बनाया है। मामले में लीगल ओपीनियन ली जा रही है जिन लोगों को जमीन दी गई। मामले में लीगल ओपीनियन ली जा रही है जिन लोगों को जमीन दी गई थी उन्होंने कॉलेज बनाने की बात की थी पर नहीं बनाया। अब सरकार अपने पक्ष में जमीन अधिग्रहीत करने के लिए काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मेरठ में गांधी आश्रम है और उसकी मात्र संस्था है जिसके पास प्रॉपर्टी है। जमीन पर कई लोग अतिक्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जमीन पर लगातार कब्जे की कोशिश की जा रही है। जिसके विरोध में लोग कई साल से धरने पर बैठे हैं। इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई नहीं हुई। जमीन हमारे पूर्वजों के खून-पसीने की है। इस पर चर्चा की जाए जिससे कि वस्तुस्थिति सामने आ सके। अतुल प्रधान ने भी कहा कि मामले में कई एफआईआर और जांच हुई लेकिन भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है।

# उप्र : 2027 में बसपा अकेले दम पर लड़ेगी चुनाव : मायावती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा है कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। वह किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन से बसपा से नुकसान होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे भ्रामक खबरों पर ध्यान न देकर पार्टी को मजबूत करने में अपना सहयोग दें।

बसपा प्रमुख मायावती ने एक पत्रकारवार्ता में कहा है कि मीडिया में चर्चा है कि आगामी 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव बसपा गठबंधन में लडेंगी। उन्होंने कहा कि यह विशुद्ध रूप से पार्टी कार्यकर्तओं और लोगों को गुमराह करने के लिए फ़ेक न्यूज चलवाई गई हैं। यह बिल्कुल गलत, झूठ और मनगढ़ंत खबर है। ऐसे में नेताओं के साथ-साथ मीडिया को भी इस प्रकार की कटी पतंग जैसी उड़ान भरके अपना मजाक खुद उड़ाने से बचना चाहिए। मायावती ने कहा कि वह एक बार नहीं बल्कि हर बार पार्टी की बैठक में यहां तक बीते नौ अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित विशाल रैली में भी इसकी खुली घोषणा की थी कि बसपा अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। लेकिन कुछ लोग और मीडिया भी इनकी घिनौनी साजिश में पड़कर इस प्रकार की गलत खबर प्रचारित करके अपना समय और छवि दोनों बर्बाद कर रहे हैं। इस पर लोगों को बिल्कुल ध्यान देने की जरूरत नहीं है। मायावती ने कहा कि बसपा के लोग अपने 2027 के मिशन में अकेले पूरे जी-जान से लगे हुए हैं। जिस पर से उन लोगों को ध्यान भटकाने के लिए इस प्रकार की साजिश करते रहते हैं। पार्टी पदाधिकारियों से अपील है कि ऐसी मनगढ़ंत बातों पर कतई ध्यान न दें और वे हाथी के मस्त चाल चलते रहे और 2007 की तरह अकेले ही यह चुनाव लड़कर फिर से बसपा की, पूर्ण बहुमत की अपनी सरकार बनाए। बसपा प्रमुख ने दिल्ली में आवंटित टाइप-8 सरकारी बंगले को लेकर हो रही चर्चाओं पर अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षा कारणों और प्रोटोकॉल के तहत यह सरकारी बंगला आवंटित हुआ है। इसको लेकर किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी फैलाना गलत है। बसपा प्रमुख ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आयेगा तो विरोधियों के साम, दाम, दण्ड, भेद आदि के हथकंडे और बसपा को सत्ता से दूर रखने के षड्यंत्र बढ़ते ही जायेंगे, जैसा कि हमेशा से होता रहा है। इसलिए केवल यूपी ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में सभी अम्बेडकरवादियों को विरोधियों के दांत खट्टे कर देने वाली केवल एकमात्र अपनी पार्टी व उसके नेतृत्तव पर भरोसा करके बाबा साहेब के आत्मसम्मान व स्वाभिमान के मूवमेंट को मजबूती प्रदान करने के लिए मिशनरी भावना के साथ इन्हें पूरे तन, मन, धन से लगे रहना बहुत जरूरी है।

### लखनऊ में अग्निवीर भर्ती में दौड़ते-दौड़ते 3 लड़कियां बेहोश, लॉन्ग जंप में एक लड़की के पैर में मोच

**लखनऊ।** महिला अग्निवीर भर्ती रैली में दौड़ते-दौड़ते 3 अभ्यर्थी गिरकर बेहोश हो गईं। लॉन्ग जंप के दौरान एक अन्य अभ्यर्थी के पैर में मोच आ गई। सभी को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अभ्यर्थियों को 8 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ पूरी करनी थी। 8 मिनट से कम समय में दौड़ पूरी करने पर ग्रेड-वन और 8 मिनट में पूरी करने पर ग्रेड-टू दिया गया। दौड़ में सफल अभ्यर्थी 3 फीट हाई जंप और 10 फीट लॉन्ग जंप के लिए क्वालिफाई किया। हाई जंप और लॉन्ग जंप में अभ्यर्थियों को 3-3 चांस दिए गए। भर्ती रैली लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर एंड कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में हुई। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की करीब 1000 अभ्यर्थी हिस्सा लिया। इस रैली में वही अभ्यर्थी शामिल हुईं, जिन्होंने जुलाई 2025 में ऑनलाइन सीईई परीक्षा पास की थी। उन्हें पहले ही ईमेल के जरिए एडमिट कार्ड भेजे गए थे। पहले स्टॉपवॉच के थ्रू टाइमिंग नोट की जाती थी लेकिन अब कमरे में लगे हुए डिजिटल क्लॉक के थ्रू होता है।

# बागपत में अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी लैब से ग्रामीण छात्राओं के सपनों को मिल रही उड़ान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- बागपत के 25 सरकारी विद्यालयों में एआई-संचालित स्मार्ट क्लास से बच्चों को मिल रही आधुनिक शिक्षा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा और वैज्ञानिक सोच को नई उड़ान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियां भी अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां सीख रहीं हैं। बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक में स्थापित अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी लैब से ग्रामीण छात्राओं के सपनों को उड़ान मिलेगी।

ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में बनाई गई इस हाईटेक खगोलशास्त्र प्रयोगशाला के माध्यम से छपरौली ब्लॉक की लगभग 100 बालिकाओं को आधुनिक विज्ञान को समझने का अवसर मिल रहा है। प्रयोगशाला में 45 प्रकार के प्रयोगों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे छात्राएं अंतरिक्ष से जुड़े जटिल सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझ रहीं हैं। योगी सरकार के इस प्रयास से अब ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राएं भी टेलिस्कोप संचालित करने से लेकर नाइट-स्काई ऑब्जर्वेशन तक की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं। राज्य सरकार की इस दूरदर्शी पहल से विज्ञान शिक्षा को नई गति मिल रही है। ब्लॉक संसाधन केंद्र छपरौली में स्थापित एस्ट्रोनॉमी लैब को हाईटेक टेक्नोलॉजी से विकसित किया गया है।

बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि प्रयोगशाला में आधुनिक उपकरणों के साथ-साथ छात्राओं को एस्ट्रोनॉमी सॉफ्टवेयर के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इससे वे आकाशीय पिंडों की स्थिति, गति और संरचना को डिजिटल माध्यम से समझ रहीं हैं। इस तरह का व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में बेहद सहायक होगा। इस पहल की सबसे खास बात यह है कि अब छात्राएं स्वयं टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रमा और अन्य आकाशीय पिंडों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर रही हैं। जब एक बालिका अपने हाथों से टेलिस्कोप चलाकर चंद्रमा देखती है, तो उसके भीतर आत्मविश्वास और जिज्ञासा दोनों का विकास होता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छपरौली की सभी छात्राएं इस लैब में नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रही हैं। नाइट-स्काई प्रेक्षण जैसी गतिविधियां उनके लिए रोमांचक अनुभव साबित हो रही हैं। शिक्षकों का कहना है कि इससे बालिकाओं की विज्ञान के प्रति रुचि तेजी से बढ़ी है और वे अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े करियर के बारे में गंभीरता से सोचने लगी हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के 25 सरकारी विद्यालयों में एआई-संचालित स्मार्ट क्लास शुरू की गई हैं। इनके माध्यम से बच्चों को इंटरैक्टिव और तकनीक आधारित शिक्षा मिल रही है, जिससे सीखने की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

# अभ्यर्थियों ने आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती को लेकर मंत्री आवास घेरा

लखनऊ। वर्ष 2024 की आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में हो रही देरी को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने लखनऊ स्थित मंत्री डॉ. दया शंकर मिश्र 'दयालु' के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थियों ने शीघ्र सुनवाई और भर्ती प्रक्रिया के निस्तारण की मांग को लेकर नारेबाजी की। सरकार से ठोस पहल करने की अपील की। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया कोर्ट केस के कारण अटकी हुई है और अब तक 51 तारीखें लग चुकी हैं। लगातार बढ़ती तारीखों से अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है। उनका आरोप है कि सरकारी पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी न होने के कारण मामला लंबित चल रहा है, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लंबे समय से तैयारी कर रहे युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा भी प्रभावित हो रही है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। अभ्यर्थियों के मुताबिक, प्रदेश में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के लगभग 60 प्रतिशत पद खाली हैं। सरकार की ओर से 1002 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जबकि कुल स्वीकृत पद करीब 2100 हैं। इनमें से लगभग 1200 पद अब भी रिक्त पड़े हैं। उनका कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर पद खाली होने से आयुष और स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दवाओं के वितरण और फार्मेसी संचालन की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने मांग की कि कोर्ट में बेंच-वाइज निर्णय कराकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो तो सरकार उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से लिखित परीक्षा आयोजित कर भर्ती प्रक्रिया पूरी कराए।

# मां भगवती शीत गृह का उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ ( हरदोई )।** जनपद हरदोई स्थित नयागांव दारुकईया (मल्लावां) में देश के अन्नदाता किसान भाई-बहनों को समर्पित मां भगवती शीतगृह का उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उत्तर प्रदेश सरकार ने किया उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ने शीतगृह का उद्घाटन कर किसान भाइयों को संबोधित किया।

मंच से ही अपने स्नेहिजनों को सम्बोधित किया। और कुछ लोगो को स्नेह दिखाते हुए मंच पर बुला लिया। और अपनी पुरानी यादो को ताजा कर दिया।



इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश पाठक अशोक कुमार सिंह अभय शंकर शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख, गंज मुरादाबाद विवेक सिंह पटेल ब्लॉक प्रमुख, बांगरमऊ अर्जुन दिवाकर अखिलेश कटियार चेयरमैन, माधोगंज अनुराग मिश्रा जिला पंचायत सदस्य रवि वर्मा, विशाल जायसवाल, शिवराज बाबा अयोध्या प्रसाद अग्निहोत्री चंद्र कुमार पाठक गौरव पाठक मनोज अग्निहोत्री, नदीम, अभय मिश्रा, प्रतीक पाठक, सुशील त्रिपाठी, प्रकाश गुप्ता, ज्ञानू अग्निहोत्री, विकास पाठक सुधीर त्रिपाठी, उमाकान्त त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, गिरिजा किशोर अग्निहोत्री, विपलव दुवेदी, नीरज अवस्थी साहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# विधायक ने सदन में उठाई रेलवे ओवर ब्रिज की मांग

■ पीसीएफ केंद्र पुन: चालू कराने की मांग का उठा मुद्दा

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** विधानसभा क्षेत्र कछौना में बालामऊ जंक्शन पर आमजन के यातायात में लंबे समय से हो रही है असुविधा को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग सदन में उठाई है! इस गंभीर समस्या के बारे में भाजपा जिला मंत्री अजय शुक्ला व पूर्व मंडल महामंत्री शिवम मिश्रा ने विधायक को अवगत कराया था!

उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी बालामऊ के विधायक रामपाल वर्मा ने जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बालामऊ जंक्शन पर रेलवे क्रॉसिंग 258बी पर उपरिगामी सेतु निर्माण की मांग सदन में की! रेलवे स्टेशन जंक्शन होने के कारण यहां ट्रेनों का आवागमन लगातार बना रहता है



विधायक रामपाल वर्मा

जिस कारण रेलवे फाटक घंटो बंद रहता है जिससे लोगों को अपने आवश्यक कार्यों में या तो विलंब होता है या उनके कार्य छूट जाते हैं! कई बार रेलवे फाटक पर फंसी एंबुलेंस में ही मरीजों ने दम तोड़ दिया! लगभग सभी प्रकार के सरकारी संस्थान जैसे स्कूल, डाकघर, पुलिस स्टेशन, विकास खंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैंक, बस अड्डा, आदि को जाने के लिए रेलवे फाटक पार करना पड़ता है! स्कूली बच्चे अधिकतर विद्यालय लेट पहुँचते हैं और कुछ को बंद फाटक से नीचे से निकलते देखा जा सकता है जिससे किसी भी बड़ी जनहानि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता! इसके साथ ही विकासखंड के कछौना में किसानों की असुविधा को देखते हुए पिछले तीन वर्षों से बंद पड़े पीसीएफ केंद्र को पुन: चालू कराए जाने की भी मांग की है! उन्होंने बताया कि केंद्र चालू होने से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। जनहित में ओवर ब्रिज की कमी को दृष्टिगत रखते हुए विधायक ने उपरिगामी सेतु निर्माण व किसानों की सुविधा के लिए पीसीएफ केंद्र चालू कराने की मांग सदन में की है! स्थानीय नागरिकों ने विधायक के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यदि उपरिगामी सेतु का निर्माण व पीसीएफ केंद्र समय से चालू हो जाता है तो आमजन को बड़ी राहत मिलेगी!

फिलहाल विधायक के प्रयासों से आमजन में उम्मीद की किरण जगी है!

## 133 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद ने बताया कि जनपद में बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 1,00,530 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। परीक्षा की निगरानी के लिए पूरे जिले को 5 जोन और 25 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में संबंधित उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। वहीं प्रत्येक सेक्टर में जनपद स्तरीय व वरिष्ठ अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक तथा एक अतिरिक्त ;एडिशनलद्ध केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रशासन की ओर से प्रत्येक केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई हैए जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद

## अन्तरराष्ट्रीय करुणा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान के अन्तर्गत हुआ तीन पुस्तकों का लोकार्पण





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**लखनऊ।** विगत दिवस केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गोमतीनगर के परिसर में खादी एवं ग्रामोद्योग महोत्सव के मंच पर अंतरराष्ट्रीय करुणा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान के तत्वाधान में डॉ० आर्यावर्ती सरोज 'आर्या' की दो पुस्तकों काव्य संग्रह-''निश्चेतन सिलिका'' और बाल कहानी संग्रह ''चंद्रयान'' तथा रवीन्द्र नाथ तिवारी के काव्य संग्रह-''राष्ट्र चिन्तन'' का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और उनकी वंदना से की गई। सरस्वती वन्दना कवयित्री निशा सिंह 'नवल' ने किया। अध्यक्ष नरेंद्र भूषण तथा विशिष्ट अतिथि महेन्द्र भीष्म ने पुस्तक के सम्बन्ध में वक्तव्य दिया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ साहित्यकार नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार महेन्द्र भीष्म, हरिश्चंद्र निशांत रवीन्द्र नाथ तिवारी, निर्भय नारायण गुप्त, के०पी० त्रिपाठी पुंज, गिरधर खर, अष्ठाना महेश प्रकाश विशिष्ट अतिथि के रुप में मंचस्थ रहे। शरद सिंह, शरद मिश्र सिन्धु, अरविंद रस्तोगी, रवि कांत पांडेय, अनिल कुमार जैसवार ''बेअदब लखनवी'', मनमोहन बाराकोटी, शशि नारायण त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी 'आशु', हिमांशु सक्सेना 'अर्श लखनवी' करुणा पाण्डेय, राधा बिष्ट, मनस्वी श्वेता, शीला वर्मा मीरा, अलका गुप्ता 'प्रियदर्शनी', पायल लक्ष्मी सोनी, सरला शर्मा 'आस्मां', निशा सिंह 'नवल' और रेनू द्विवेदी ने शानदार काव्यपाठ किया, जिस पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन रेनू द्विवेदी ने किया। सभी मंचीय अतिथियों को माल्यार्पण एवं शाल्यार्पण कर व कलम देकर उन्हें सम्मानित किया गया। आमंत्रित सभी कवि. कवयित्रियों को माल्यार्पण एवं कलम भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की संस्थापिका एवं अध्यक्ष डॉ० आर्यावर्ती सरोज 'आर्या' ने सभी आगंतुकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।




## कार्यालय ग्राम पंचायत-मानीमऊ, विकास खण्ड-साण्डी, हरदोई

पत्रांक-मेमो/निविदा/मनरेगा/2025-26 दिनाँक-18.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो / भट्ठा मालिकों से दिनाँक-19.02.2026 से दिनाँक-23.02.2026 तक शाम 03:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को दिनाँक- 23.02.2026 शाम 04:00 बजे फर्मो अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री उपरोक्त अवधि मे सायं 05:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | प्राकलन के अनुसार स्वीकृत धनराशि | टेण्डर बिक्री की धनराशि | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निर्मल के मकान से छोटेलाल के प्लांट तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | ईंटा, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, इण्टरलाकिंग ईंट आदि | 318088.00 रु0 | 100 रु0 | 07 दिन |
| 2. | कामता के मकान से हाइवे रोड तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | ईंटा, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, | 536874.00 रु0 | 100 रु0 | 07 दिन |

**नोट . नियम व शर्तों निम्नवत हैं**

1. एक अथवा समस्त निवेदाये, कोटेशन बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकता घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
3. समस्त सामग्री के आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

(सुनीता देवी)
प्रधान
ग्राम पंचायत-मानीमऊ,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई

(श्याम गौतम)
सचिव
ग्राम पंचायत-मानीमऊ,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई


## रमजान का महीना रहमत, बरकत और इबादत का, ज़कात से होगी जरूरतमन्दों की मदद

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में रमजान माह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चांद दिखाई देने के बाद आज से पहला रोजा रखा जाएगा। मस्जिदों में साफ-सफाई, रोशनी और इबादत की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। रोजेदारों के लिए सेहरी और इफ्तार की तैयारी देर रात तक चलती रही। बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। खजूर, फल, सेवइयां और अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। कपड़ों और टोपी की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गई है। अंजुमन इस्लामियां के सदर खालिद एडवोकेट ने बताया कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और इबादत का महीना होता हैए जिसमें रोजा रखकर लोग अल्लाह की इबादत करते हैं और जरूरतमंदों की मदद करते हैं। उन्होमे बताया कि जामा मस्जिद के आहता में डेढ़ पारा और बाहर के हिर्स्से में चार पारा तरावीह की नमाज़ पढ़ाई जाएगी इसी तरह मस्जिद नुरुल मजीद में डेढ़ पारा हाफिज इनामुल हक पढ़ाएंगे, इस बात की जानकारी नुरुल मजीद मस्जिद के सदर नौशाद आलम मंसूरी ने दी है। इसी क्रम में मस्जिद मोमिनवाद में मौलाना बहाउद्दीन तरावीह की नमाज़ की इमामत करेंगे वही नटवीर पुलिया के पास टीन वाली मस्जिद में मुफ़्ती शहाबुद्दीन दो बारे की तरावीह की इमामत करेंगेविस बात की जानकारी संगम डाइग्नोस्टिक के मैनेजिंग डायरेक्टर मलिक खान ने मीडिया को दी पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षाए शांति और सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। आज पहले रोजे के साथ ही पूरे महीने इबादत, तरावीह की नमाज़ और इफ्तार का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

## जन मेले में सर्वजन सपरिवार सादर आमंत्रित किया है: राम प्रकाश शुक्ल

■ 1 मार्च को विराट कवि सम्मेलन व 7 मार्च को मुशयरा का आयोजन किया जायेगा: संचालक

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** श्री रामलीला मेला व प्रदर्शिनी कमेटी के मुख्य आयोजक व संचालक राम प्रकाश शुक्ल एडवोकेट ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि इस वर्ष नुमाईस मेला में 25 फरवरी 2025 को रावध वध, रावण राजनीति, आतिशबाजी व चिरकुला नत्य कार्यक्रम सायं 5 बजे से रामलीला मैदान में तथा रात्रि 8 बजे भरत मिलाप, राम राज्याभिषेक व राजगद्दी कार्यक्रम का मंचन रामलीला पण्डाल में किया जायेगा और 01 मार्च 2026 को विराट कवि सम्मेलन रात्रि 9 बजे से रामलीला पण्डाल में आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू हरी बहादुर श्रीवास्तव की स्मृति में गीत गायन प्रतियोगिता के लिए आडीशन 01 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से होगा तथा 2 मार्च को अपरान्ह 3 बजे प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी और 7 मार्च को रात्रि 9ण30 बजे से अजीमुश्शान मुशायरा का आयोजन रामलीला पण्डासल में किया जायेगा। श्री शुक्ल ने अवगत कराया है कि विराट वार्षिक दंगल का आयोजन 10,11 व 12 मार्च को अपरान्ह दो बजे से रामलीला मैदान में किया जायेगा, 14 मार्च को सायं 7 बजे से, 16 मार्च को उन्नीसवां माँ भगवती जागरण रात्रि 8 बजे से तथा 17 मार्च 2026 को कन्या भोज व भण्डारे का आयोजन प्रात: 9 बजे से रामलीला पण्डाल में किया जायेगा। उन्होने कहा है कि इस जन मेले के सभी विशेष समारोह नि:शुल्क है और जनपदवासियों को सर्वजन सपरिवार सादर आमंत्रित किया है।

## मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरगपुर निवासी नीरज सिंह पुत्र कन्हैया बक्श के अनुसार 17 फरवरी की सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी परिवार के चाचा शीतला बक्श सिंह ने अपने पुत्र रिंशू सिंहए गुड्डू सिंह और श्रवण सिंह के साथ उसे गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़रीपुरवा निवासी संजय कुमार पुत्र चेतराम के अनुसार वह 17 फरवरी को करीब 5 बजे शाम को पुरानी रंजिश में परिवार के श्यामपाल ने अपने पुत्र ऊदनए पुत्री रीता और पत्नी लीलावती के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया शोर सुनकर पत्नी सरला उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम चुन्नी पुरवा कुइंया निवासी सविता पत्नी अमित के अनुसार 17 फरवरी को जमीन के बटवारे के विवाद में परिवार के पिंटू और अंकित ने अपने पिता कमलेश और लाला के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया। जेठानी पूजा सहित दोनों ने गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने उन दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उसका सिर फट गया। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम कहार कोला निवासी ब्रजेश चंद्र पुत्र रामरूप के अनुसार 9 फ़रवरी को जमीन की रंजिश में गांव निवासी योगेंद्र कुमार पुत्र कमल किशोर ने उसकी पत्नी उषा को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पत्नी का इलाज लखनऊ मेडिकल कालेज में चल रहा है। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

## चार लोगों पर पत्नी के ज़ेवर छीनने का लगाया आरोप

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पाली थाना क्षेत्र रहने युवक ने जनपद शाहजहांपुर निवासी चार आरोपियों पर पुराने हिसाब किताब को लेकर घर में घुसकर पत्नी के ज़ेवर छीनने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़ित हरविंदर सिंह पुत्र गुरूदयाल सिंह के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के रौजा निवासी गोविन्द शुक्ला पुत्र विनीत शुक्ला अपने पिता और दो अज्ञात साथियों के साथ 1 पपरवरी की शाम करीब 7 बजे उसके घर आये। और पुराने हिसाब किताब को लेकर उसे गाली गलौज किया घर में मौजूद उसकी पत्नी के जबरदस्ती ज़ेवर उतरवा लिये। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत एसपी अशोक कुमार मीणा से की है। बुधवार को शाम ०4:00 बजे हरविंदर ने बताया वह काफी भयभीत है और पाली पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

## नव निर्मित मंदिर में जिलाधिकारी ने की राम, सीता व लक्ष्मण मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट परिसर में नव निर्मित मंदिर में आज जिलाधिकारी अनुनय झा को पुरोहितों ने मंत्रों उच्चारण के साथ राम, सीता, लक्ष्मण जी की मूर्ति एवं शिवलिंग की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक पफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी आदि अधिकारियों के साथ आहूत विशाल भण्डारे में आये हुए संतोए कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस व होमगार्ड जवानों आदि को पूड़ीए सब्जी एवं मिष्ठान आदि का वितरण किया। इस अवसर जिला जज रीता कौशिक, एसीजेएम काव्या सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव, गरिमा सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 66 शिकायतें

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायते प्राप्त हुईए जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेशन तथा दो बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## तीन दशक से अधिक समय बाद फरवरी में रमजान का आगाज़

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पिहानी ( हरदोई )।** विकास खंड पिहानी पवित्र माह रमजान शरीफका आगाज़ आज 18 फ़रवरी से हो गया है। चांद दिखाई देने के साथ ही पिहानी नगर और आसपास के क्षेत्रों में अकीदत और इबादत का माहौल बन गया है। मुस्लिम समुदाय आज से रोजा रखेगा और पूरे माह नमाज तरावीह और कुरआन पाक की तिलावत में मशगूल रहेगा।आज सुबह ०5:27 बजे सहरी का समय समाप्त होगा। इसके बाद फ़ज्र की नमाज के साथ रोजा शुरू हो जाएगा। रोजेदार दिनभर सब्र और परहेजगारी के साथ भूखे.प्यासे रहकर इबादत करेंगे। वहीं 19 फ़रवरी की शाम ०6:29 बजे इफ्तार का समय निर्धारित है जब मगरिब की अजान के साथ रोजा खोला जाएगा।



पिहानी की जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में तरावीह की नमाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मस्जिदों की साफ-सफाई रोशनी और वजू की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। इशा की नमाज के बाद हाफिज-ए-कुरआन द्वारा तरावीह में कुरआन शरीफ सुनाया जाएगा। बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने की संभावना है। पिहानी क्षेत्र के कई गांव में भी रमजान को लेकर खास उत्साह है। गांव की मस्जिद में तरावीह की नमाज अदा की जाएगी। ग्रामीणों ने मिलकर मस्जिद की सजावट और साफ-सफाई की है। युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1994 में 12 फरवरी तथा 1995 में 1 फरवरी को रमजान की शुरुआत हुई थी। उस समय इस्लामी कैलेंडर के अनुसार 1414 हिजरी का साल चल रहा था। अब लगभग 30 साल से अधिक समय बाद फ़िर से रमजान फ़रवरी माह में आया है।ऐसे में रोजेदारों को हल्की सर्दी के बीच इबादत का अवसर मिल रहा है जिससे दिन में रोजा रखना अपेक्षाकृत सहज माना जा रहा है।

रमजान के आगमन के साथ ही पिहानी के बाजारों में चहल.पहल बढ़ गई है। खजूर फल शरबत सेवईं और इफ्तार से जुड़ी अन्य वस्तुओं की खरीदारी जोरों पर है। शाम के समय बाजारों में विशेष रौनक देखने को मिल रही है। रमजान का महीना रहमत बरकत और मगफिरत का महीना माना जाता है। यह महीना भाईचारे इंसानियत और आपसी सौहार्द का संदेश देता है। पिहानी सहित पूरे क्षेत्र में लोग एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दे रहे हैं और अमन-चैन व खुशहाली की दुआ कर रहे हैं।

## रूपये और मोबाइल छीनने का आरोप लगाया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा तिराहे से मारपीट कर रुपए और मोबाइल छीनने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला काजी सरायं निवासी पीड़ित देवेंद्र कुमार पुत्र राजेश कुमार राठौर के अनुसार वह अपने मामा जोगेंद्र को मंगलवार की रात करीब ०9:30 बजे बाइक से शाहाबाद छोड़ने आ रहा था। खेड़ा तिराहे पर विवेक कुमार पुत्र हरिद्वारी निवासी गिगियानी ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसकी बाइक रोककर गाली गलौज करते हुए उसे मारा पीटा। आरोप है कि युवकों ने उसका एंड्राइड फोन और 1,700 रूपए की नगदी छीन ली। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मल्लावाँ, जनपद-हरदोई

पत्र सं0: 72/एम0बी0एम0/मानचित्र/2025-26 दिनाँक-17.01.2026

**सार्वजनिक सूचना**
**(भवन मानचित्र स्वीकृत)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मल्लावाँ, के अर्न्तगत निवासी मो0 बाजीगंज कस्बा व परगना मल्लावाँ, तहसील बिलग्राम, जनपद-हरदोई के निवासी **श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राम औतार गुप्ता** के द्वारा मो0 भगवन्तनगर पर0 मल्लावाँ, हरदोई में अपने मकान का भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र दिनाँक-30.10.2025 को प्रस्तुत किया है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत है-

**पूरब**- डामर रोड हरदोई-उन्नाव। **पश्चिम**- नन्हें कश्यप का मकान।
**उत्तर**- राजेन्द्र प्रधान का मकान। **दक्षिण**- इण्टरलाकिंग रोड न0पा0परि0।

इस भवन मानचित्र स्वीकृत प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि मे दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

(अध्यक्ष)
नगर पालिका परिषद
मल्लावाँ, हरदोई।

## एआई समिट नयी चुनौतियां

सोमवार 16 फरवरी से नयी दिल्ली में भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की शुरुआत हुई, जो 20 फरवरी तक चलेगी। एआई पर यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें कम से कम 20 देशों के राष्ट्रप्रमुख, 50 से ज्यादा मंत्री और 40 से ज्यादा बड़े सीईओ हिस्सा लेने आ रहे हैं। गूगल के सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के डेरियो अमोडी, माइक्रोसॉफ्ट के ब्रैड स्मिथ, एडोब के शांतनु नारायण जैसे तकनीकी क्षेत्र के दिग्गजों के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला दा सिल्वा भी इसमें शामिल हो रहे हैं। इन तमाम बड़ी हस्तियों की एक साथ एक बैनर के नीचे उपस्थिति यह बता रही है कि दुनिया ने एक बड़े बदलाव की तरफ कदम बढ़ा लिया है, जो ऊपरी तौर पर केवल तकनीकी से जुड़ा नजर आता है, लेकिन असल में इसका असर जिंदगी के हर हिस्से पर पड़ना शुरु हो चुका है। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब हर क्षेत्र में दिखाई देने लगी है। विज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, व्यापार हर जगह अब एआई का सहयोग लिया जा रहा है। दशकों तक भू राजनैतिक आकलन बंद दरवाजों के पीछे विदेशी राजनयिकों और जांच एजेंसियों के भरोसे होता रहा, क्योंकि सरकारी दस्तावेज और अंदरूनी खबरों तक इन्हीं की पहुंच होती थी। थिंक टैंक्स, रिस्क एनालिस्ट्स (जोखिम विश्लेषकों) या मीडिया के आकलन सब राजनयिकों और जांच एजेंसियों के सूत्रों पर निर्भर होते थे। लेकिन अब एआई ने यह परिदृश्य भी बदल दिया है। अब एआई की मदद से विभिन्न देशों में लिए जा रहे फैसलों, सेटेलाइट छवियों, आयात-निर्यात, पूंजी का प्रवाह, मीडिया में चलाई जा रही खबरों सब पर निगाह रखने के साथ तुरंत ही उसका विश्लेषण भी किया जा रहा है। नतीजा ये है कि एक देश के हालात का असर दूसरे देश पर पड़ने में पहले जितना वक्त लगता था, अब वो कुछ पलों में सिमट चुका है। ऐसे महत्वपूर्ण समय परिदृश्य में भारत में इस एआई समिट के होने के खास मायने हैं, क्योंकि दुनिया इसे ग्लोबल साउथ की बढ़ती ताकत के नजरिए से देख रही है। औपनिवेशिक दासता से मुक्त देश तीसरी दुनिया कहलाते रहे हैं, अब एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका के ऐसे तमाम देश ग्लोबल साउथ का हिस्सा कहलाते हैं। ग्लोबल साउथ एक भौगोलिक शब्द न होकर भू-राजनीतिक और आर्थिक धारणा है। एआई समिट का भारत में होना तीसरी दुनिया के उन तमाम देशों के लिए भी महत्वपूर्ण हो गया है, जिनके डेटा तक वैश्विक शक्तियों की पहुंच है। इन देशों के राजनैतिक, आर्थिक फैसलों पर वैश्विक शक्तियां इसी डेटा की मदद से प्रभाव डालती हैं। और इसमें एआई की मदद ली जाती है। ऐसे में इस समिट के दौरान कुछ बड़े सवाल सामने आ रहे हैं, जैसे क्या भारत बड़ी वैश्विक शक्तियों के सामने अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए आवाज उठा सकेगा, क्योंकि राहुल गांधी ने संसद में और बाद में भी एआई के खतरों और संभावनाओं दोनों को खुल कर सरकार के सामने रखा है। राहुल ने कहा, एआई क्रांति आ गई है, जो खतरे और मौके दोनों लेकर आ रही है। आईटी और सर्विसेज सेक्टर, हमारी अर्थव्यवस्था का चमकता सितारा है वो खतरे में है। अगर हम आने वाले तूफान के लिए तैयार नहीं हुए तो हजारों सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोफ़ेशनल अपनी रोजी-रोटी खो देंगे लेकिन हमारे पास मौके भी हैं। राहुल गांधी ने कहा, डेटा वो पेट्रोल है जो एआई इंजन को चलाता है। जैसा कि मैंने संसद में कहा था कि भारत की सबसे बड़ी संपत्ति हमारे शानदार लोग हैं और वह बहुत सारा डेटा जो हम बनाते हैं। राहुल ने एआई समिट की मेजबानी पर कहा कि यह भारत के लिए नेतृत्व दिखाने का एक मौका होना चाहिए था, यह दिखाने का कि 1.4 बिलियन लोगों का देश अपने डेटा का इस्तेमाल करके ग्लोबल एआई फ्यूचर को अपनी शर्तों पर कैसे बना सकता है। लेकिन बेबस प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रेड डील में अमेरिका के श्चोकहोल्ड्य के आगे समर्पण कर दिया है।

**एआई पर यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें कम से कम 20 देशों के राष्ट्रप्रमुख, 50 से ज्यादा मंत्री और 40 से ज्यादा बड़े सीईओ हिस्सा लेने आ रहे हैं। गूगल के सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के डेरियो अमोडी, माइक्रोसॉफ्ट के ब्रैड स्मिथ, एडोब के शांतनु नारायण जैसे तकनीकी क्षेत्र के दिग्गजों के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला दा सिल्वा भी इसमें शामिल हो रहे हैं। इन तमाम बड़ी हस्तियों की एक साथ एक बैनर के नीचे उपस्थिति यह बता रही है कि दुनिया ने एक बड़े बदलाव की तरफ कदम बढ़ा लिया है, जो ऊपरी तौर पर केवल तकनीकी से जुड़ा नजर आता है, लेकिन असल में इसका असर जिंदगी के हर हिस्से पर पड़ना शुरु हो चुका है।**

# मीठे पानी का संकट: कमी नहीं, कुप्रबंधन

डॉ. प्रियंका सौरभ

**पिछले कुछ दशकों में मीठे जल की उपलब्धता में निरंतर गिरावट देखी गई है। इसका एक प्रमुख कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग की बढ़ती माँग ने जलभृतों पर असहनीय दबाव डाला है। हरित क्रांति के बाद सिंचाई के लिए ट्यूबवेल और बोरवेल पर बढ़ती निर्भरता ने प्राकृतिक पुनर्भरण की क्षमता को पीछे छोड़ दिया है। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों में भूजल स्तर का तीव्र पतन भविष्य की जल सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। कई क्षेत्रों में जलभृत स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल उपलब्धता और भी अनिश्चित हो गई है। जल स्रोतों का प्रदूषण मीठे जल संकट का दूसरा बड़ा कारण है। नदियों, झीलों और भूजल में बिना शोधन के छोड़ा गया घरेलू सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, भारी धातुएँ और कृषि रसायन जल को अनुपयोगी बना रहे हैं।**

आज विश्व जिस सबसे गंभीर संसाधन संकट का सामना कर रहा है, उनमें मीठे जल का संकट अत्यंत गहन और बहुआयामी है। पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत खारा है और केवल लगभग 3 प्रतिशत मीठा जल है, जिसमें से भी बहुत छोटा भाग ही मानव उपयोग के लिए सुलभ है। इसके बावजूद, आज विश्व की 2ऽ3 अरब आबादी वर्ष के किसी न किसी समय जल संकट से जूझती है। यह संकट केवल जल की भौतिक कमी का नहीं, बल्कि जल की घटती उपलब्धता और समान व सुरक्षित पहुँच–दोनों का संयुक्त संकट है, जो पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आयामों को एक साथ प्रभावित करता है। पिछले कुछ दशकों में मीठे जल की उपलब्धता में निरंतर गिरावट देखी गई है। इसका एक प्रमुख कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग की बढ़ती माँग ने जलभृतों पर असहनीय दबाव डाला है। हरित क्रांति के बाद सिंचाई के लिए ट्यूबवेल और बोरवेल पर बढ़ती निर्भरता ने प्राकृतिक पुनर्भरण की क्षमता को पीछे छोड़ दिया है। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों में भूजल स्तर का तीव्र पतन भविष्य की जल सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। कई क्षेत्रों में जलभृत स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल उपलब्धता और भी अनिश्चित हो गई है। जल स्रोतों का प्रदूषण मीठे जल संकट का दूसरा बड़ा कारण है। नदियों, झीलों और भूजल में बिना शोधन के छोड़ा गया घरेलू सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, भारी धातुएँ और कृषि रसायन जल को अनुपयोगी बना रहे हैं। विकासशील देशों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहाँ शोधन अवसंरचना का अभाव है। परिणामस्वरूप, कई स्थानों पर जल उपलब्ध होते हुए भी पीने योग्य नहीं रह जाता, जिससे स्वास्थ्य संकट उत्पन्न होता है और जल की प्रभावी उपलब्धता घट जाती है। जलवायु परिवर्तन ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण हिमनदों का तीव्र पिघलना, वर्षा के पैटर्न में अनिश्चितता और सूखे-बाढ़ की बढ़ती आवृत्ति देखी जा रही है। हिमालय, आल्प्स और एंडीज़ जैसे क्षेत्रों में हिमनदों का सिकुड़ना दीर्घकाल में नदियों के प्रवाह को अस्थिर कर रहा है। अल्पकाल में यह बाढ़ का कारण बनता है, जबकि दीर्घकाल में स्थायी जल संकट को जन्म देता है। मानसूनी क्षेत्रों में अनियमित वर्षा ने जल भंडारण और कृषि योजना को भी चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इसके साथ ही, आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक पुनर्भरण क्षेत्रों का तेजी से क्षरण हुआ है। शहरीकरण, अवैज्ञानिक भूमि उपयोग और रियल एस्टेट विकास ने झीलों, तालाबों, बाढ़ मैदानों और दलदलों को नष्ट कर दिया है। ये पारिस्थितिक तंत्र न केवल जल संग्रह और भूजल पुनर्भरण में सहायक होते हैं, बल्कि बाढ़ और सूखे के प्रभावों को भी संतुलित करते हैं। इनके विनाश से जल चक्र का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। जनसंख्या वृद्धि और उपभोग के बदलते पैटर्न ने भी मीठे जल पर दबाव बढ़ाया है। शहरी जीवनशैली, जल-गहन उद्योग और भोजन की बदलती आदतें–विशेषकर मांसाहारी आहार–ने प्रति व्यक्ति जल पदचिह्न को बढ़ाया है। परिणामस्वरूप, जल की माँग प्राकृतिक पुनर्भरण क्षमता से कहीं अधिक हो गई है। जहाँ एक ओर जल की उपलब्धता घट रही है, वहीं दूसरी ओर कई क्षेत्रों में जल उपलब्ध होते हुए भी लोगों की पहुँच उससे वंचित है। इसका प्रमुख कारण अपर्याप्त अवसंरचना है। कई देशों में जल संग्रहण, शोधन और वितरण की व्यवस्थाएँ कमजोर हैं। पुराने पाइपलाइन नेटवर्क, उच्च लीकेज और अपर्याप्त भंडारण के कारण बड़ी मात्रा में जल उपभोक्ताओं तक पहुँचने से पहले ही नष्ट हो जाता है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार विकासशील देशों में शहरी जल का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा वितरण के दौरान ही नष्ट हो जाता है। इसके अतिरिक्त, जल गुणवत्ता की समस्या भी पहुँच को सीमित करती है। जहाँ जल भौतिक रूप से उपलब्ध है, वहाँ भी प्रदूषण के कारण वह पीने योग्य नहीं रहता। दूषित जल से होने वाली बीमारियाँ आज भी कई देशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य की बड़ी चुनौती हैं, जिससे गरीब और हाशियाकृत समुदाय सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। राजनीतिक और कानूनी बाधाएँ भी जल तक पहुँच को सीमित करती हैं। जल एक साझा संसाधन है, जिसके कारण अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय विवाद उत्पन्न होते हैं। नदियों के बँटवारे, संघीय ढाँचे में अधिकारों के टकराव और अंतरराष्ट्रीय नदी समझौतों की जटिलताओं के कारण कई बार जल-समृद्ध क्षेत्रों में भी समान पहुँच संभव नहीं हो पाती। सामाजिक असमानता इस संकट का एक और महत्वपूर्ण पहलू है। जल संकट का सबसे बड़ा बोझ समाज के कमजोर वर्गों–ग्रामीण गरीबों, शहरी झुग्गी बस्तियों, महिलाओं और बच्चों–पर पड़ता है। कई स्थानों पर सामाजिक भेदभाव, गरीबी और वहन क्षमता की कमी के कारण सुरक्षित जल तक समान पहुँच नहीं मिल पाती, जिससे असमानता और गहरी हो जाती है। कमजोर जल शासन भी समस्या को जटिल बनाता है। जल प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं में समन्वय की कमी, विश्वसनीय डेटा का अभाव और अल्पकालिक नीतियाँ दीर्घकालिक समाधान के मार्ग में बाधा बनती हैं। कई देशों में जल से जुड़े अधिकार और जिम्मेदारियाँ अनेक मंत्रालयों और एजेंसियों में बँटी होती हैं, जिससे एकीकृत और समग्र दृष्टिकोण विकसित नहीं हो पाता। मौसमी असंतुलन भी जल पहुँच की समस्या को बढ़ाता है। मानसूनी क्षेत्रों में वर्षा कुछ महीनों तक अत्यधिक होती है, जबकि शेष वर्ष जल अभाव बना रहता है। अपर्याप्त भंडारण और प्रबंधन के कारण यह मौसमी जल स्थायी उपलब्धता में परिवर्तित नहीं हो पाता। चेन्नई और केप टाउन जैसे शहर इस विरोधाभास के प्रमुख उदाहरण हैं, जहाँ बाढ़ और सूखा एक ही वर्ष में देखने को मिलते हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें लगातार चेतावनी देती रही हैं कि मीठे जल का संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, सामाजिक स्थिरता और वैश्विक शांति से भी गहराई से जुड़ा है। जल की कमी आज संघर्ष, प्रवासन और आजीविका संकट का एक उभरता कारण बन रही है। अंततः, मीठे जल का संकट मानवता के सामने खड़ी सबसे बड़ी साझा चुनौतियों में से एक है। यह स्पष्ट है कि यह समस्या केवल प्राकृतिक सीमाओं की नहीं, बल्कि मानव निर्मित नीतिगत और प्रबंधन विफलताओं की भी है। यदि समय रहते सतत जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, आर्द्रभूमि संरक्षण, समावेशी जल शासन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दी जाए, तो इस संकट को अवसर में बदला जा सकता है। जल सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा से जुड़ा अनिवार्य दायित्व है।

# किशोरियों में बढ़ता फ्रेंड विद बेनिफिट कल्चर

कैलाश चन्द्र

भारत के सामाजिक परिदृश्य में एक बेचैन कर देने वाला बदलाव तेजी से उभर रहा है और उसकी सबसे मार्मिक झलक उस घटना में दिखाई देती है जिसमें 15 वर्ष की एक छात्रा गर्भवती पाई गई। डॉक्टर ने जब उससे पूछा कि बच्चा किससे हुआ है, तो उसका उत्तर था, ल्लपता नहीं३ कई थे।ङ्क यह घटना कोई सनसनीखेज अपवाद नहीं, बल्कि हमारे समय की एक गहरी और अनदेखी सामाजिक सच्चाई का संकेत है। उस किशोरी ने स्वीकार किया कि महंगे फोन, रिचार्ज, आउटिंग और कूल लाइफस्टाइल की चाह में वह कई लड़कों के साथ फ्रेंड विद बेनिफिट जैसे संबंधों में रही। उसके शब्द सिर्फ एक लड़की की व्यक्तिगत त्रासदी न होकर उस परिघटना का रूपक हैं जो भारत के 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग में तेजी से आकार ले रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2023 के आंकड़ों के अनुसार नाबालिगों पर होने वाले यौन अपराधों में अधिकांश अपराधी परिचित होते हैं। इनमें मित्र, पड़ोसी, रिश्तेदार, ऑनलाइन साथी और स्कूल-कॉलेज के परिचित शामिल रहते हैं। यह एक असहज सत्य की ओर संकेत करता है कि खतरा किसी बाहरी व्यक्ति से नहीं, बल्कि बच्चों की उसी दुनिया से आता है जिसे हम सुरक्षित मानते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के निष्कर्षों में भी यह संकेत मिलता है कि शहरी भारत में किशोरियों के शारीरिक संबंधों की प्रथम आयु 13 से 15 वर्ष के बीच खिसक रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण एशिया अध्ययन के अनुसार 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग की बड़ी संख्या में लड़कियां इंटरनेट आधारित यौन सामग्री देखती हैं और वेब सीरीज तथा सोशल मीडिया के प्रभाव में आकर संबंध बनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ये तथ्य बताते हैं कि यह समस्या केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संरचनात्मक और बहुस्तरीय है। आज का किशोर भौतिक संसार से कम और वर्चुअल संसार से अधिक प्रभावित है। इंस्टाग्राम, रील्स, ओटीटी और डेटिंग एप्स अब मनोरंजन के साधन नहीं रहे, बल्कि किशोर मन की संरचना को प्रभावित करने वाले प्रमुख माध्यम बन चुके हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के अध्ययन बताते हैं कि 13 से 17 वर्ष की आयु में मस्तिष्क का प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स पूरी तरह विकसित नहीं होता। इसी कारण आवेग नियंत्रण कम रहता है और जोखिम लेने की प्रवृत्ति अधिक होती है। जब ऐसे मस्तिष्क पर रोज़ डिजिटल उत्तेजना की बाढ़ पड़ती है, तो परिणाम सीमाओं के टूटने, नैतिकता के धुंधलाने और जोखिमपूर्ण संबंधों के सामान्यीकरण के रूप में सामने आते हैं। लगातार मिल रहे लाइक्स, व्यूज और मैसेज किशोरों के मन में त्वरित संतुष्टि की आदत पैदा करते हैं और धीरे-धीरे रिश्ते अनुभव, शरीर वस्तु और सीमाएँ पुरानी अवधारणाएँ बनती जाती हैं। यही वह डिजिटल सबवर्शन है जो पहले मन को प्रभावित करता है और फिर व्यवहार को अपने वश में कर लेता है। परिवार की भूमिका भी इस बदलाव में महत्वपूर्ण हो गई है। शहरों में कई माता-पिता यह मान बैठे हैं कि बच्चों को महंगी सुविधाएँ देना ही पालन-पोषण का अंतिम रूप है, जबकि सुविधा देना और उपस्थित रहना दोनों अलग बातें हैं। जब संवाद कम हो जाता है तो उसके स्थान पर पीयर ग्रुप, इन्फ्लुएंसर संस्कृति, ओटीटी की कहानियां और सोशल मीडिया की छवियां बच्चों के मूल्य तय करने लगती हैं। जब 15 वर्ष का बच्चा महंगा फोन लिए घूमता है और माता-पिता उसकी पृष्ठभूमि या स्रोत पर सवाल नहीं करते, तो यह अनदेखी आगे चलकर गंभीर परिणामों का कारण बन सकती है। आज का परिवार प्रोवाइडिंग पेरेंटिंग की ओर झुक गया है, जहाँ धन उपलब्ध है लेकिन भावनात्मक उपस्थिति, मार्गदर्शन और मूल्य निर्माण का अभाव है। यही अनुपस्थिति बच्चों को डिजिटल जंगल में अकेला छोड़ देती है। इस प्रवृत्ति का सबसे गहरा असर किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। अनेक अध्ययनों में यह सामने आया है कि इस प्रकार की संबंध संस्कृति आत्मसम्मान में गिरावट, अवसाद, चिंता, इमोशनल नंबनेस, सेल्फ वर्थ के टूटने और आइडेंटिटी क्राइसिस जैसी स्थितियाँ पैदा करती है। धीरे-धीरे संबंधों का एक लेन-देन मॉडल विकसित होने लगता है, जहाँ किशोरियां स्वयं को वस्तु की तरह देखने लगती हैं। किसी किशोरी का यह न जान पाना कि गर्भ किससे है, ये सिर्फ असावधानी नहीं बल्कि भावनात्मक विखंडन की चरम अवस्था को दर्शाता है, जहाँ शरीर, भावनाएँ और पहचान एक-दूसरे से कटने लगते हैं। उपभोक्तावाद ने भी इस स्थिति को गहराई दी है। बाजार ने किशोरों को अपना सबसे बड़ा उपभोक्ता वर्ग बना लिया है। उनकी असुरक्षाओं को लक्ष्य बनाकर उन्हें यह विश्वास दिलाया जाता है कि उनकी कीमत महंगे फोन, फैशनेबल कपड़ों और सोशल मीडिया लाइक्स में छिपी है। जब पहचान वस्तुओं के सहारे बनने लगती है, तब शरीर, संबंध और नैतिकता भी बाज़ार की मुद्रा में बदल जाते हैं। यह उपभोक्तावाद का वह चेहरा है जो आधुनिक किशोरावस्था को भीतर तक प्रभावित कर रहा है। फ्रेंड विद बेनिफिट जैसी अवधारणाएँ पश्चिमी समाज में भी विवादित रही हैं और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानी गई हैं, लेकिन भारत में यह प्रवृत्ति बिना किसी सांस्कृतिक फिल्टर, पारिवारिक संवाद या स्कूल आधारित मार्गदर्शन के प्रवेश कर गई। इसका टकराव भारतीय सामाजिक संरचना से होकर रिश्तों के विघटन, सामूहिकता के क्षरण और मूल्य संक्रमण के रूप में सामने आ रहा है। यदि 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग में भावनात्मक टूटन, डिजिटल लत, यौनिक प्रयोगशीलता और नैतिक भ्रम इसी तरह बढ़ते रहे, तो इसका असर भविष्य के कार्यबल, सामाजिक स्थिरता, मानव संसाधन और सामूहिक मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ेगा। यह तो सभी स्?वीकारेंगे ही कि राष्ट्र की शक्ति उसकी संख्या में न होकर उसकी युवा पीढ़ी की मानसिकता, अनुशासन और मूल्य संरचना में निहित होती है। यदि वही पीढ़ी दिशाहीन हो जाए, तब राष्ट्र की ऊर्जा भी दिशाहीन हो जाती है। समाधान किसी एक संस्था के पास नहीं है, बल्कि यह चार स्तंभों के संयुक्त प्रयास से ही संभव है। परिवार में डिजिटल पेरेंटिंग को आवश्यक बनाना होगा, जहाँ फोन देना और निगरानी दोनों साथ हों। संवाद की पुनर्स्थापना हो और प्रतिदिन कुछ समय परिवार एक साथ बैठकर बातचीत करे। किशोरियों को सेल्फ वर्थ, सीमाएँ और स्वस्थ संबंधों के मूल्य सिखाए जाएँ। विद्यालयों में डिजिटल नैतिक शिक्षा और आयु-उपयुक्त सुरक्षा संबंधी वार्ता हो, साथ ही प्रशिक्षित काउंसलर्स की नियुक्ति भी की जाए। सरकार को एडल्ट प्लेटफॉर्म्स और डेटिंग एप्स पर कड़े आयु सत्यापन लागू करने चाहिए और ओटीटी पर किशोर संवेदनशील रेटिंग को प्रभावी बनाना चाहिए। इसके साथ ही समाज स्तर पर जागरूकता अभियान, संवाद मंच और माता-पिताऽकिशोर कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए, ताकि मूल्य निर्माण की प्रक्रिया फिर से मजबूत हो सके। आज यह स्थिति एक चेतावनी है। बच्चे भारत की वर्तमान नींव हैं। उन्हें सुरक्षित रखना, मानसिक रूप से सशक्त बनाना और मूल्य संपन्न बनाना ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है।

# छत्रपति शिवाजी की अमर विरासत और आधुनिक भारत की दिशा

**शिवाजी महाराज की जयंती पर विशेष**

ललित गर्ग

**शिवाजी महाराज का जन्म 1630 में शिवनेरी दुर्ग पर हुआ। उनका नाम भगवान शिव पर नहीं, बल्कि देवी शिवई के नाम पर रखा गया–यह तथ्य ही बताता है कि उनके जीवन की प्रेरणा शक्ति और साहस की आराधना में निहित थी। उनकी माता जीजाबाई ने उन्हें रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, नीति और राष्ट्रधर्म का संस्कार दिया। दादाजी कोंडदेव के मार्गदर्शन में उन्होंने शास्त्र और शस्त्र दोनों का संतुलित ज्ञान प्राप्त किया। यही संतुलन आगे चलकर उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता बना–वे केवल तलवार के धनी नहीं, बल्कि नीति और दूरदर्शिता के भी अद्वितीय उदाहरण थे।**

19 फरवरी भारत के इतिहास का वह गौरवपूर्ण दिवस है, जब हम छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हैं। यह केवल एक जन्मतिथि का स्मरण नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण के उस अद्भुत अध्याय का उत्सव है, जिसने पराधीनता के अंधकार में स्वराज्य का दीप प्रज्वलित किया। सत्रहवीं शताब्दी में जब भारत का बड़ा भूभाग मुगल सत्ता, विशेषतः औरंगजेब के कठोर शासन के अधीन था, तब सह्याद्रि की पर्वतमालाओं से एक युवा योद्धा ने यह उद्घोष किया कि ल्लहिंदवी स्वराज्यङ्क केवल स्वप्न नहीं, बल्कि संकल्प है-और उस संकल्प को साकार कर दिखाया। शिवाजी महाराज का जन्म 1630 में शिवनेरी दुर्ग पर हुआ। उनका नाम भगवान शिव पर नहीं, बल्कि देवी शिवई के नाम पर रखा गया-यह तथ्य ही बताता है कि उनके जीवन की प्रेरणा शक्ति और साहस की आराधना में निहित थी। उनकी माता जीजाबाई ने उन्हें रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, नीति और राष्ट्रधर्म का संस्कार दिया। दादाजी कोंडदेव के मार्गदर्शन में उन्होंने शास्त्र और शस्त्र दोनों का संतुलित ज्ञान प्राप्त किया। यही संतुलन आगे चलकर उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता बना-वे केवल तलवार के धनी नहीं, बल्कि नीति और दूरदर्शिता के भी अद्वितीय उदाहरण थे। शिवाजी महाराज का सबसे बड़ा योगदान हिंदू साम्राज्य की स्थापना है, जिसे उन्होंने ल्लहिंदवी स्वराज्यङ्क कहा। यह किसी एक संप्रदाय का राज्य नहीं था, बल्कि भारतीय जनमानस की स्वतंत्रता और सम्मान का प्रतीक था। उन्होंने छोटे-छोटे किलों से शुरुआत कर एक संगठित मराठा शक्ति का निर्माण किया। तोरणा, रायगढ़, प्रतापगढ़ जैसे दुर्ग केवल पत्थरों की संरचनाएँ नहीं थे, बल्कि स्वराज्य के प्रहरी थे। गुरिल्ला युद्धकला में उनकी दक्षता अद्भुत थी। मुगल सेनापति उन्हें ल्लपहाड़ी चूहाङ्क कहकर उपहास करना चाहते थे, परंतु वही रणनीति मुगलों की सबसे बड़ी कमजोरी बन गई। वे भूगोल को अपनी शक्ति में बदलने की कला जानते थे-तेजी से आक्रमण, अचानक प्रहार और सुरक्षित वापसी उनकी युद्धनीति का आधार था। उनकी वीरता का शिखर तब दिखाई देता है जब उन्होंने औरंगजेब की विशाल साम्राज्यवादी शक्ति को खुली चुनौती दी। आगरा में बंदी बनाए जाने के बाद उनका साहसिक पलायन केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मुगल सत्ता के अहंकार पर करारा प्रहार था। इसके पश्चात उन्होंने 1674 में रायगढ़ में विधिवत राज्याभिषेक कर स्वयं को ल्लछत्रपतिङ्क घोषित किया। यह घटना केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक पुनस्र्थापन का भी प्रतीक थी-सदियों बाद किसी हिंदू राजा का वैदिक विधि से राज्याभिषेक हुआ था। शिवाजी महाराज की शासन व्यवस्था भी उतनी ही प्रभावशाली थी जितनी उनकी युद्धनीति। उन्होंने अष्टप्रधान मंडल की स्थापना की, जिसमें विभिन्न विभागों के मंत्री नियुक्त थे। प्रशासन में पारदर्शिता, न्याय और जनकल्याण को प्राथमिकता दी गई। भूमि राजस्व व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया ताकि किसानों पर अत्याचार न हो। महिलाओं के सम्मान की रक्षा उनके शासन का मूल सिद्धांत था-युद्ध में पकड़ी गई महिलाओं को सम्मानपूर्वक उनके घर भेजने की परंपरा उन्होंने स्थापित की। धार्मिक सहिष्णुता उनके शासन की आधारशिला थी, उनकी सेना और प्रशासन में मुस्लिम अधिकारी भी महत्वपूर्ण पदों पर थे। उन्होंने किसी भी मस्जिद या पूजा स्थल को क्षति पहुँचाने की अनुमति नहीं दी। इस प्रकार उनका हिंदू स्वराज्य संकीर्ण नहीं, बल्कि उदार और समावेशी था। शिवाजी महाराज भारत के उन शुरुआती शासकों में थे जिन्होंने समुद्री शक्ति के महत्व को समझा। उन्होंने एक सशक्त नौसेना का निर्माण किया और कोंकण तट की सुरक्षा सुनिश्चित की। विदेशी आक्रमणकारियों-विशेषतः पुर्तगालियों और सिद्धियोंकृके विरुद्ध यह रणनीति अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई। यह दूरदर्शिता दर्शाती है कि वे केवल तत्कालीन संघर्षों तक सीमित नहीं थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी भांपने की क्षमता रखते थे। भारतीय संस्कृति और अस्मिता के लिए उनका त्याग अतुलनीय है। उन्होंने विलासिता का जीवन त्यागकर कठिन संघर्ष का मार्ग चुना। निरंतर युद्ध, षड्यंत्र और चुनौतियों के बीच भी उन्होंने राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि स्वराज्य केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाभिमान का भी प्रश्न है। उन्होंने जनमानस में यह विश्वास जगाया कि विदेशी सत्ता अजेय नहीं है और संगठित प्रयास से स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती है। आधुनिक संदर्भ में यदि हम इस विरासत को देखें, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आज के भारत में शिवाजी के आदर्श कितने प्रासंगिक हैं। वर्तमान समय में जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका सुदृढ़ कर रहा है, तब राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण और सुशासन की अवधारणाएँ पुनः केंद्र में हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, सशक्त रक्षा नीति और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर विशेष बल दिया है। यहाँ तुलनात्मक विवेचना की जा सकती है, यद्यपि दोनों युगों की परिस्थितियाँ भिन्न हैं। शिवाजी महाराज ने स्वदेशी सैन्य शक्ति पर भरोसा किया और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से साम्राज्य खड़ा किया। आधुनिक भारत में आत्मनिर्भर भारत अभियान उसी भावना का आधुनिक रूप प्रतीत होता है, जहाँ रक्षा उत्पादन और आर्थिक सशक्तिकरण पर बल दिया जा रहा है। शिवाजी ने किलों और नौसेना के माध्यम से सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की, आज भारत आधुनिक तकनीक और रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है। शिवाजी का प्रशासन जनकल्याण और पारदर्शिता पर आधारित थाय समकालीन शासन में डिजिटल पारदर्शिता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और भ्रष्टाचार-नियंत्रण की पहलें उसी आदर्श की झलक देती हैं। सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण की दृष्टि से भी समानता देखी जा सकती है। शिवाजी महाराज ने हिंदू परंपराओं और प्रतीकों को पुनस्र्थापित कर जनमानस में आत्मगौरव जगाया। आज भी भारत में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, तीर्थस्थलों के विकास और ऐतिहासिक विरासत के पुनरोद्धार पर बल दिया जा रहा है। अंतर केवल इतना है कि शिवाजी का संघर्ष प्रत्यक्ष सैन्य टकराव का था, जबकि आधुनिक भारत का संघर्ष वैश्विक प्रतिस्पर्धा और कूटनीतिक संतुलन का है। फिर भी, तुलनात्मक विवेचना करते समय यह स्मरण रखना चाहिए कि शिवाजी महाराज का युग पूर्णतः भिन्न राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियों में था। वे एक उभरते हुए स्वराज्य के संस्थापक थे, आज का भारत एक स्थापित लोकतांत्रिक गणराज्य है। अतः समानताओं को प्रेरणा के रूप में देखना चाहिए, न कि पूर्ण समानता के रूप में। शिवाजी की सबसे बड़ी सीख है-साहस, संगठन, दूरदर्शिता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना। यही मूल्य किसी भी युग में प्रासंगिक रहते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि राष्ट्र निर्माण केवल तलवार से नहीं, बल्कि नीति, नैतिकता और जनविश्वास से होता है। उन्होंने दिखाया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि नेतृत्व दृढ़ हो तो असंभव भी संभव हो सकता है। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने आचरण और राष्ट्रीय जीवन में उतारें। भारतीय अस्मिता का अर्थ किसी के प्रति द्वेष नहीं, बल्कि अपने स्वत्व का सम्मान है-और यही संदेश शिवाजी महाराज के जीवन से हमें मिलता है। उनकी 394वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए हम संकल्प लें कि स्वराज्य की उस भावना को, जिसे उन्होंने सह्याद्रि की घाटियों से जगाया था, हम आधुनिक भारत की प्रगति और वैश्विक नेतृत्व में रूपांतरित करेंगे। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# डीएम की पहल पर जिलेभर में परिषदीय स्कूलों में पीटीएम, अभिभावकों ने थामी जिम्मेदारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर बुधवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों में व्यापक स्तर पर पैरेंटऽटीचर मीटिंग (पीटीएम) आयोजित हुई। इसका उद्देश्य बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और पढ़ाई की गुणवत्ता में ठोस सुधार लाना रहा। सुबह खंड विकास अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में डीएम ने फॉर्मर आईडी अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि स्कूलों में उपस्थिति सिर्फ कागजों पर नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति तेज करने और सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए सख्त रणनीति तय की।

फील्ड में उतरे अफसर, दिनभर रही हलचल डीएम के निर्देश मिलते ही अधिकारी और बीडीओ फील्ड में उतर पड़े।

कहीं फॉर्मर आईडी के आंकड़ों की जांच हुई तो कहीं स्कूलों में बच्चों की हाजिरी और पढ़ाई के स्तर का आकलन किया गया। पीटीएम के दौरान अफसरों ने अभिभावकों से सीधा संवाद कर बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और स्कूल के माहौल पर फीडबैक लिया। डीएम ने दो टूक कहा कि लक्ष्य केवल उपस्थिति बढ़ाना नहीं, बल्कि कक्षाओं में गुणवत्ता भी दिखनी चाहिए। स्कूल बने संवाद का मंच जिले के परिषदीय विद्यालयों में आयोजित विशेष बैठकों ने स्कूलों को जीवंत संवाद का केंद्र बना दिया।

डीएम के निर्देश पर हुई इस पहल में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले 10 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को सम्मानित किया गया और नियमित उपस्थिति को सफलता की पहली सीढ़ी बताया गया। वहीं, कम उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों से सीधा संवाद कर जिम्मेदारी का अहसास कराया गया और अनावश्यक अनुपस्थिति न होने का संकल्प दिलाया गया दिनभर चली मॉनिटरिंग और फील्ड गतिविधियों ने साफ संदेश दिया कि अब जिले में योजनाओं की प्रगति फाइलों से निकलकर सीधे जमीन पर परखी जाएगी।

## बजाज चीनी मिल के अधिकारियों ने निकाली जागरूकता रैली

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज चीनी मिल गोला के अधिकारियों ने बुधवार को क्षेत्र के किसानों को गन्ना बुवाई की स्वीकृत व अगेती प्रजातियों के चयन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बाइक रैली निकाली। रैली के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर किसानों को स्वीकृत किस्मों के गन्ना बीज उपलब्ध कराने तथा मिल द्वारा दी जाने वाली अनुदान सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान में बसंतकालीन गन्ना बुवाई का समय चल रहा है, ऐसे में किसान उन्नत और अच्छी पैदावार देने वाली किस्मों को लेकर असमंजस में रहते हैं। जागरूकता रैली के दौरान गन्ना एजीएम डॉ. ओडी शर्मा ने कहा कि रैली का उद्देश्य किसानों को उन्नतशील व स्वीकृत किस्मों की बुवाई के लिए प्रेरित करना है, जिससे उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हो सके। गेट इंचार्ज सत्येंद्र मिश्रा ने बताया कि किसानों द्वारा बेची गई पर्चियों पर स्वीकृत प्रजाति का गन्ना बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं केन इंचार्ज राजेश मिश्रा ने स्पष्ट किया कि मिल द्वारा केवल प्रमाणित बीजों की ही आपूर्ति की जा रही है।

# गौकशी को लेकर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, थाना प्रभारी पर लापरवाही के आरोप, कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। जिले के पलिया क्षेत्र में कथित गौकशी की घटनाओं को लेकर हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ताजा मामला मझगई थाना क्षेत्र से सामने आने के बाद हिंदू युवा वाहिनी सहित विभिन्न संगठनों ने सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की।

हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष विपिन मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी पलिया को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मझगई थाना प्रभारी पर गौकशी के मामलों में लापरवाही बरतने तथा कथित रूप से अपराधियों और उनसे जुड़े लोगों को संरक्षण देने के आरोप लगाए गए।

संगठनों का कहना है कि थाना प्रभारी की कथित कार्यशैली के कारण क्षेत्र में लगातार गौकशी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे समाज में रोष बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते मंगलवार की घटना कोई पहली नहीं है, इससे पूर्व भी ऐसी घटनाएं हुई हैं जिन्हें कथित तौर पर दबा दिया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि थाना प्रभारी की कार्यशैली से हिंदू उत्पीड़न से जुड़े मामलों में पीड़ितों को ही परेशान किया जाता है। विपिन मिश्रा ने बताया कि वर्तमान थाना प्रभारी पूर्व में मितौली और फूलबेहड़ थानों में भी तैनात रह चुके हैं, जहां उनकी तैनाती के दौरान भी गौकशी की घटनाओं और कार्यशैली को लेकर असंतोष रहा। सभी हिंदू संगठनों ने एक स्वर में मांग की कि वर्तमान थाना प्रभारी के रहते निष्पक्ष जांच संभव नहीं है, इसलिए उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए तथा गौकशी में संलिप्त सभी आरोपियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# खंभारखेड़ा चीनी मिल ने अनुपयुक्त गन्ना प्रजातियों के परिवर्तन हेतु निकाली जागरूकता बाइक रैली



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। जिला गन्ना अधिकारी, लखीमपुर खीरी की अध्यक्षता में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की खंभारखेड़ा चीनी मिल गेट से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर जागरूकता बाइक रैली को क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लिए रवाना किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों को अनुपयुक्त/अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करने तथा उन्नतशील व स्वीकृत गन्ना प्रजातियों को अपनाने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक परिषदऽखंभारखेड़ा, सचिव प्रभारी समिति लखीमपुर, चीनी मिल के उपाध्यक्ष, महाप्रबंधक गन्ना, सहायक महाप्रबंधक गन्ना सहित राजकीय गन्ना विकास विभाग एवं चीनी मिल स्टाफ उपस्थित रहा।

इस अवसर पर किसानों से विशेष रूप से अपील की गई कि वे अनुपयुक्त/अस्वीकृत प्रजातियाँ जैसे– नकली 9709, लाल बादशाह, पी.बी.94, पी.बी.95, पी.बी.434, को.8005, नकली 5009 एवं अन्य अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें। आगामी पेराई सत्र में चीनी मिल द्वारा इन प्रजातियों की खरीद नहीं की जाएगी। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से आग्रह किया कि वे बसंतकालीन गन्ना बुवाई में भूमि उपचार एवं बीज उपचार के उपरांत केवल स्वीकृत प्रजातियों की ही बुवाई करें। स्वीकृत प्रजातियों में नवीन– को.लख.16202, को.शा.18231, को.शा.17231; उन्नतशील– को.15023, को.0118, को.लख.14201, को.शा.13235 तथा जल-प्लावित क्षेत्रों हेतु–को.शा.13231 एवं को.98014 शामिल हैं। चीनी मिल के उपाध्यक्ष/इकाई प्रमुख ने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिक पद्धति से स्वीकृत प्रजातियों की बुवाई कर उत्पादन व आय में वृद्धि करें तथा अधिक से अधिक गन्ना चीनी मिल में आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं, जिससे आगामी पेराई सत्र में अतिरिक्त पर्चियों का लाभ प्राप्त हो सके।

## सामूहिक विवाह समारोह में 180 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कुल 180 जोड़ों ने शादी रचाई। कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने अभिभावक की भूमिका निभाते हुए नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हमीरपुर जिले के कुछेछा डिग्री कॉलेज ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को सरकार की ओर से उपहार और आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। समारोह में परिजनों और स्थानीय लोगों की मौजूदगी से माहौल उत्सव जैसा रहा। सामूहिक विवाह सम्मेलन में लड़की पक्ष की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद शामिल हुए और वधु पक्ष को आशीर्वाद देकर बेहतर वैवाहिक जीवन की कामना की।

# मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद भू–माफिया सक्रिय

- पीड़ित ने डीएम व एसपी से लगाई गुहार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जनपद में सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे से जुड़ी खबर प्रकाशित होने के बाद एक पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसे साजिश करार देते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला गोकुलपुरी गढ़ी रोड पावर हाउस के पास निवासी विशाल भारद्वाज का आरोप है कि ग्राम पंचायत नरहर की गाटा संख्या 883 (रकबा 0.287) सहित लगभग 600 एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती की जा रही है। इस संबंध में समाचार प्रकाशित हुआ था, जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल और ग्राम प्रधान का नाम भी चर्चा में आया। पीड़ित का कहना है कि खबर प्रकाशित होने के बाद उन पर दबाव बनाया गया और समझौते के प्रयास किए गए। समझौता न होने पर 18 दिसंबर 2025 को तहसील परिसर में जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया। इसके बाद 13 जनवरी 2026 को विभिन्न धाराओं में उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है और सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में इस प्रकरण ने स्थानीय प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशाल भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने डीएम और एसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा दर्ज एफआईआर की समीक्षा की मांग की है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और प्रशासनिक जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## भाकियू ने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षा के गिरते स्तर पर जताई चिंता

फर्रुखाबाद। प्रशिक्षु आईएएस अफसरों द्वारा जिले की शिक्षा गुणवत्ता निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की काफी दयनीय स्थिति पाए जाने पर भाकियू ने कार्यवाही की मांग की है । निरीक्षण में कई परिषदीय विद्यालयों में कक्षा तीन और पांच के छात्र अपने माता-पिता का नाम तक नहीं लिख सके। इतना ही नहीं, जब बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर कृष्ण और अर्जुन लिखने के लिए कहा गया तो कोई भी छात्र सही तरीके से नाम नहीं लिख पाया। अफसरों के निरीक्षण के दौरान परिषदीय विद्यालय दारापुर में प्रधानाध्यापक पुष्पेंद्र कुमार विद्यालय परिसर में कार में बैठकर मोबाइल चलाते हुए पाए गए। वहीं कुछ महिला शिक्षिकाएं बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित मिलीं। विद्यालय में कुल 110 छात्रों के नामांकन के बावजूद निरीक्षण के समय मात्र 22 छात्र ही उपस्थित मिले। हैरानी की बात यह रही कि विद्यालय में सात नियमित शिक्षक और तीन शिक्षामित्र कार्यरत हैं, इसके बावजूद शिक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर पाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक, रुद्राक्ष घर–घर पहुंचाने का संकल्प



गोला गोकर्णनाथ खीरी। महाशिवरात्रि के अवसर पर मां कात्यायनी सेवा समिति द्वारा रात्रिकालीन आयोजन में 251 पार्थिव शिवलिंग बनाकर लगभग 11 हजार रुद्राक्षों से भगवान शिव का भव्य श्रृंगार कर रुद्राभिषेक किया गया। आचार्य रामदेव शास्त्री ने बताया कि पूजन में प्रयुक्त करीब 11 हजार रुद्राक्ष गोला नगर के प्रत्येक सनातनी परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल का उद्देश्य घर-घर जनजागरण करना, भक्ति भावना को प्रबल करना और वर्तमान समय में कमजोर पड़ती संस्कृति को पुनर्जीवित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से विशेष रूप से युवाओं में धार्मिक आस्था और संस्कारों के विकास पर जोर दिया जा रहा है।

### अभाविप ने यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

गोला गोकर्णनाथ खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) गोला नगर इकाई द्वारा आज से प्रारंभ हो रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, एकाग्रता और धैर्य के साथ परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया तथा कहा कि मेहनत और समर्पण का फल अवश्य मिलेगा। अभाविप कार्यकर्ताओं ने तिलक बंधन व पुष्प वर्षा कर परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सौरभ दीक्षित, नगर अध्यक्ष डॉ. राजेश गुरु, शिक्षक सरिता पांडे, तहसील सह संयोजक हर्ष भारद्वाज, कार्यकर्ता कमल दीप, हरिहर त्रिपाठी एवं ओम दीक्षित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अजान कस्बे में बदहाल नेटवर्क ने रोका विकास का पहिया, टावर बने शोपीस, ऑनलाइन कामकाज ठप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के दावे खीरी जिले की गोला तहसील के कस्बा अजान और आसपास के ग्रामीण इलाकों में खोखले साबित हो रहे हैं। 5जी युग की ओर बढ़ते देश में यहां आज भी बुनियादी मोबाइल नेटवर्क के लिए लोग जूझ रहे हैं। बीएसएनएल, एयरटेल और जियो के टावर कस्बे और गांवों में सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

ग्रामीणों का आरोप है कि टावर पूरी तरह बिजली आपूर्ति पर निर्भर हैं। बिजली जाते ही मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं ठप हो जाती हैं। टावर परिसरों में लगे जनरेटर होने के बावजूद उन्हें चालू नहीं किया जाता, जिससे पूरा क्षेत्र डिजिटल ब्लैकआउट की स्थिति में चला जाता है। नेटवर्क की हालत इतनी खराब है कि घरों के अंदर सिग्नल मिलना मुश्किल है, कॉल ड्रॉप और आवाज कटने की समस्या आम हो चुकी है। इंटरनेट की गति बेहद धीमी होने से ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और सरकारी कार्य बाधित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले एयरटेल और जियो की सेवाएं अपेक्षाकृत बेहतर थीं, इसी भरोसे पर कई उपभोक्ताओं ने नंबर पोर्ट कराए थे, लेकिन अब हालात और खराब हो गए हैं। वर्षों से की जा रही शिकायतों के बावजूद न तो नेटवर्क रेंज बढ़ाई गई और न ही बिजली कटौती के समय वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई। यह समस्या केवल अजान तक सीमित नहीं है। बगहा, कोरैया, सुहेला, इमलिया, काना खेड़ा, परसेडिया और शहाबुद्दीनपुर सहित दर्जनों गांव इसी संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मीनू वर्मा, असनीत वर्मा, अनूप यादव, इबरार अली, सलीम अली, नसीम अली, प्रधान विपिन यादव, गजेंद्र वर्मा, महेश वर्मा, राहुल वर्मा, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, रवि जायसवाल और गोपाली सहित कई लोगों ने दूरसंचार कंपनियों से तत्काल सुधार की मांग की है इस संबंध में टावर ऑपरेटर राम बहादुर ने बताया कि टावर की बैटरी खराब है और डीजल की अनुपलब्धता के कारण जनरेटर नहीं चल पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और कंपनियों से शीघ्र हस्तक्षेप कर नेटवर्क सुधार, रेंज बढ़ाने और बिजली जाने पर जनरेटर संचालन सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में भी डिजिटल सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# स्कूटी सवार छात्र की डंपर से कुचलकर मौत, साइकिल सवार दंपति गंभीर घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला गोकर्णनाथ के थाना मैलानी क्षेत्र के चौकी संसारपुर स्थित नेशनल हाईवे 730 पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में कक्षा 9 के छात्र नैमिष (13) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में साइकिल पर सवार एक पति-पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई, जिसे स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने संभाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत ग्रन्ट डाटपुर के मजरा पसियापुर निवासी कृष्णकांत का पुत्र नैमिष बुधवार शाम अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। मौठीखेड़ा मोड़ के पास पहुंचने पर उसकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे एक साइकिल सवार से जा टकराई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि साइकिल सवार कुकूहापुर निवासी ओम प्रकाश और उनकी पत्नी पार्वती देवी, जो दवा लेकर गांव लौट रहे थे, डिवाइडर पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्भाग्यवश, स्कूटी सवार छात्र नैमिष भी टक्कर के बाद हाईवे पर गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात डंपर ने सड़क पर गिरे नैमिष को रौंद दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही संसारपुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह यादव पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने यातायात को सुचारु कराया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घायल पति-पत्नी को सीएचसी गोला रेफर किया गया है।

# एआईएमआईएम नगर कार्यालय का भव्य उद्घाटन

- गोला में उमड़ा जनसैलाब नई ऊर्ज़ा, नई दिशा और नए संकल्प के साथ सियासत में मजबूत एंट्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





कुकरा खीरी। गोला नई बाईपास मार्ग पर जयसवाल (कजरिया) टाइल्स के निकट ऑल इंडिया मजलिस-ए-एतिहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का नगर कार्यालय भव्य समारोह के बीच उद्घाटित हुआ। सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप दे दिया। समारोह में जिला प्रभारी जनाब सलमान साहब तथा सेंट्रल ज़ोन के उपाध्यक्ष उस्मान सिद्दीकी साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सेंट्रल ज़ोन के प्रदेश सचिव शाकिर अली अंसारी, लखीमपुर खीरी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद नसीम, यूथ जिला अध्यक्ष आशू, जिला प्रवक्ता मोहम्मद अशफाक, जिला कार्यकारिणी सदस्य सोनू खान व आज़ाद खान सहित गोला नगर की पूरी टीम मौजूद रही। उद्घाटन के दौरान ल्लएआईएमआईएम ज़िंदाबादङ्क और ल्लइंक़लाब ज़िंदाबादङ्क के नारों से पंडाल गूंज उठा। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यालय केवल एक इमारत नहीं, बल्कि इंसाफ़, भाईचारे और विकासोन्मुख राजनीति को नई दिशा देने का केंद्र बनेगा। नगर अध्यक्ष अफरोज़ खान (गोला) ने सभी आगंतुकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एआईएमआईएम अब गोला गोकर्णनाथ में संगठित रूप से जनता की आवाज़ बनेगी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसे स्थानीय नागरिकों ने ऐतिहासिक करार दिया। समारोह के दौरान संगठनात्मक नियुक्तियां भी की गईं– काजल खान (नगर उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा), सबनम (नगर सचिव, महिला मोर्चा), कैशर बानो (नगर सचिव, महिला मोर्चा), रज़ी अहमद (रज़ी सर) (नगर उपाध्यक्ष, गोला), मोहम्मद हनीफ़ (गोला विधानसभा प्रभारी), आज़ाद खान (गोला विधानसभा प्रभारी) तथा रियासत अंसारी (गोला नगर कोषाध्यक्ष) इन नियुक्तियों के साथ पार्टी ने गोला क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क विस्तार का स्पष्ट संदेश दिया।

## सीमांत गांवों में स्वास्थ्य की अलख जगाएगी 'श्री गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा'

गोरखपुर। सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व के भाव को साकार करते हुए नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ) द्वारा गोरक्ष प्रांत के तत्वावधान में 21 व 22 फरवरी को भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में ल्लश्री गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्राङ्क का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्त्वपूर्ण सेवा अभियान का उद्घाटन 20 फरवरी को विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में होगा। इस सम्बंध में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बीआरडी मेडिकल कॉलेज के नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.एन. सिंह एवं डॉ. विभा सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा सीमांत ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को ध्यान में रखते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक उपचार, परामर्श और जागरूकता पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगी।

# सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला का वार्षिक चुनाव सम्पन्न

- रामकुमार गौतम अध्यक्ष व संदीप अवस्थी महामंत्री निर्वाचित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला स्थित सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला का वार्षिक चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। कुल 243 मतों पर हुए चुनाव के परिणाम देर शाम घोषित किए गए।

अध्यक्ष पद पर रामकुमार गौतम एवं राकेश कुमार त्रिपाठी प्रत्याशी थे, लेकिन राकेश कुमार त्रिपाठी का नामांकन पत्र त्रुटि पाए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया। इसके बाद रामकुमार गौतम को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। महामंत्री पद पर हुए मुकाबले में संदीप कुमार अवस्थी ने 149 मत प्राप्त कर 56 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी जितेंद्र कुमार वर्मा को 93 मत मिले, जबकि एक मत अवैध घोषित हुआ। कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कुमार ने 127 मत प्राप्त कर 51 मतों से जीत हासिल की। गौरव झा को 76 तथा सुरेंद्र कुमार को 39 मत मिले, जबकि एक मत अवैध रहा। संयुक्त मंत्री पद पर जगवीर सिंह भदौरिया ने 171 मत पाकर 100 मतों से विजय प्राप्त की। नवीन श्रीवास्तव को 71 मत मिले, एक मत अवैध रहा।

उपाध्यक्ष पद पर राजीव मिश्रा ने 150 मत प्राप्त कर 60 मतों से जीत दर्ज की, जबकि मनोज खन्ना को 90 मत मिले। इस पद पर तीन मत अवैध घोषित किए गए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल रहा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने बधाई दी और बार एसोसिएशन के हित में संगठित होकर कार्य करने की अपेक्षा जताई।

# ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिडेंगे श्रीलंका और जिम्बाब्वे

एजेंसी

कोलंबो। पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम गुरुवार को यहां जब टी20 विश्व कप के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। श्रीलंका ने स्थानीय परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए ओमान और आयरलैंड को हराया और फिर ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर खुद को खिताब के एक मजबूत दावेदार के रूप में पेश किया है। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया पर अपनी अप्रत्याशित जीत और खराब मौसम की बदौलत पहली बार सुपर आठ में जगह पक्की कर ली। आयरलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया



गया था जिससे उसे एक अंक मिला। इससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढ़ने की उम्मीद पर पानी फिर गया। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी। वह अपनी जीत की लय को बनाए रखने और ग्रुप में शीर्ष पर रहने का लक्ष्य रखेगी। सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका की फॉर्म में वापसी से श्रीलंका की स्थिति मजबूत बन गई है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाकर श्रीलंका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनके अलावा कुसल मेंडिस ने अर्धशतक लगाया था और टीम इन दोनों बल्लेबाजों से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद करेगी। श्रीलंका की बल्लेबाजी क्रम में सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा कमजोर कड़ी बनकर उभरे हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में सिर्फ एक रन बनाया। इस तरह से उनकी खराब फॉर्म का सिलसिला जारी रहा जो पिछले साल पाकिस्तान में टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला से चल रहा है। श्रीलंका गेंदबाजी में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा पर निर्भर रहेगा, जो धीमी पिचों में भी तेज गति से गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। एक अन्य तेज गेंदबाज मथीसा पथिराना भले ही सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं, लेकिन वह अपनी अनूठी गेंदबाजी शैली से किसी भी बल्लेबाज को परेशान कर सकते हैं। परंपरागत रूप से स्पिन गेंदबाजी में मजबूत मानी जाने वाली इस टीम के पास दुशान हेमंथा के रूप में एक पूरी तरह से फिट लेग स्पिनर है। उनके अलावा महीश तीक्षाना हैं जो तेज गेंदबाजों को भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे। जिम्बाब्वे के लिए श्रीलंका के घरेलू मैदान पर उनकी विविधतापूर्ण गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना कठिन होगा, लेकिन सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने के बाद उसे कम नहीं आंका जाना चाहिए। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया था जिसके बाद उसके खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा होगा।

# जम्मू कश्मीर ने रचा इतिहास, 67 साल में पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

एजेंसी



कल्याणी (पश्चिम बंगाल)। जम्मू कश्मीर ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से हराकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए। इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था। जम्मू कश्मीर ने 2013-14 के सत्र में एक दशक से अधिक समय में पहली बार नॉकआउट राउंड के लिए क्वालीफाई किया था। जम्मू कश्मीर में मंगलवार को तीसरे के दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 43 रन बनाए थे। उसने चौथे दिन की शुरुआत में ही कल के अविजित बल्लेबाज शुभम पुंडीर (27) और कप्तान पारस डोगरा (09) के विकेट गंवा दिए, लेकिन वंशज और समद ने बंगाल के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और 55 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। बंगाल ने अपनी पहली पारी में 328 रन बनाए थे जिसके जवाब में जम्मू कश्मीर ने 302 रन बनाए। बंगाल हालांकि पहली पारी की मामूली बढ़त का फायदा नहीं उठा पाया और उसकी टीम दूसरी पारी में केवल 99 रन पर आउट हो गई।

# घरेलू टी-20 पंजाब प्रीमियर लीग में दिखेगा गिल, अभिषेक, अर्शदीप का जलवा

चंडीगढ़। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) इस साल जून में पंजाब की घरेलू टी-20 प्रतियोगिता पंजाब प्रीमियर लीग (पीपीएल) का आयोजन करेगा। इस बार टूर्नामेंट नए नाम और नए प्रारूप के साथ आयोजित किया जाएगा। पंजाब प्रीमियर लीग 2026 में कुल छह टीमें भाग लेंगी और सभी टीमें फ्रेंचाइज़ी मॉडल पर आधारित होंगी। खिलाड़ियों की खरीद नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। इस लीग में केवल पंजाब में पंजीकृत खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे। लीग में पंजाब के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र होंगे। भारतीय टेस्ट और सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, भारत के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मार्की खिलाड़ियों के रूप में शामिल किया जाएगा। इनके अलावा रामनदीप सिंह, नेहल वढेरा, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, प्रभसिमरन सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी मार्की सूची में शामिल हो सकते हैं। वर्तमान भारत अंडर-19 टीम के सदस्य युवा खिलाड़ी विहान मल्होत्रा भी इस लीग में खेलते नजर आएंगे। सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ पंजाब की अंडर-23 टीम के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मयंक मार्कंडे, अश्वनी कुमार, गुरनूर बराड़, हरनूर सिंह, रमन धीर और हरप्रीत बराड़ जैसे खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, जिससे लीग की प्रतिस्पर्धा और मजबूत होगी। इसके अतिरिक्त सलील अरोड़ा, रघु शर्मा और अन्य उभरते खिलाड़ी भी पीपीएल का हिस्सा होंगे। सभी खिलाड़ी ड्राफ्ट प्रक्रिया से गुजरेंगे। खिलाड़ियों को अलग-अलग मूल्य वर्गों में रखा जाएगा और टीमें अपनी पसंद के खिलाड़ियों पर बोली लगा सकेंगी। पंजाब प्रीमियर लीग 2026 में छह फ्रेंचाइज़ी भाग लेंगी। राज्य के कई प्रमुख उद्योगपति और कॉर्पोरेट समूह इस घरेलू टी-20 लीग से जुड़ने और स्वामित्व हिस्सेदारी लेने के इच्छुक हैं।

# सुपर आठ से पहले इटली पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा वेस्टइंडीज

एजेंसी

कोलकाता। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम गुरुवार को यहां इटली के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अपने टीम संयोजन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी।

वेस्टइंडीज ने एक दशक पहले इसी मैदान पर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसने शुरू से लय पकड़ ली थी और वह इसे जारी रखने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वेस्टइंडीज का प्रदर्शन भी बेहतर होता जा रहा है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज 23 फरवरी को मुंबई में जिम्बाब्वे और 26 फरवरी को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा। इसके बाद वह एक मार्च को सह-मेजबान और खिताब के



प्रबल दावेदार भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए यहां वापस लौटेगा। ईडन गार्डन्स में होने वाले उस मुकाबले को देखते हुए वेस्टइंडीज की टीम इस मैदान से अनुकूल होने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के लिए यह अच्छी खबर है कि उसके कप्तान शाई होप ने सही समय पर लय हासिल कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ शून्य और स्कॉटलैंड के खिलाफ 19 रन के मामूली प्रदर्शन के बाद इस सलामी बल्लेबाज ने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ 44 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शिमरोन हेटमायर ने मध्य क्रम को मजबूती दी है। उन्होंने इसी मैदान पर स्कॉटलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में 64 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने नेपाल के खिलाफ नाबाद 46 रन बनाए। शेरफ़ेन रदरफोर्ड ने फिनिशर की भूमिका में शानदार प्रदर्शन किया है। गेंदबाजों में मैथ्यू फोर्डे का प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा है। उन्होंने दो मैचों में अच्छे इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की तथा रोस्टन चेज़ और गुडाकेश मोती के साथ मिलकर बीच के ओवरों में नियंत्रण प्रदान किया है। प्रतियोगिता से पहले ही बाहर हो चुकी इटली के लिए यह मुकाबला सम्मान के साथ विदाई लेने का एक अवसर है। फुटबॉल में अपने कारनामों के लिए अधिक प्रसिद्ध होने के बावजूद, विश्व कप में पदार्पण करने वाली इस टीम का अभियान यादगार रहा है। उसकी उपलब्धि में नेपाल पर 10 विकेट की शानदार जीत भी शामिल है, जो इस स्तर पर उसकी पहली जीत थी। इटली ईडन गार्डन्स में अपना तीसरा मैच खेलेगा और यहां की परिस्थितियों से वाकिफ होने के कारण वह एक बड़ा उलटफ़ेर करने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगा।

# बॉश की अगुवाई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने यूएई को हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोर्बिन बॉश की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात को छह विकेट से हराकर सुपर आठ की तैयारी पुख्ता कर ली। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैम्पियन और मेजबान भारतीय टीम से खेलना है। वहीं यूएई की टीम ने इस हार के साथ टूर्नामेंट से विदा ली। हल्की बूंदाबांदी और ठंडे मौसम के बीच भारतीय टीम का मैच नहीं होने के बावजूद अरूण जेटली स्टेडियम पर 12000 से अधिक दर्शक यह मैच देखने मौजूद थे। पहले गेंदबाजी करते हुए बॉश के तीन विकेट की मदद से यूएई को छह विकेट पर 122 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसके लिये सबसे बड़ी राहत की बात 'जूनियर एबी डिविलियर्स' कहे जाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस का फॉर्म में लौटना रहा जिन्होंने 36 रन बनाए। यूएई ने गेंदबाजी की शुरूआत अच्छी की और पहले ओवर में ध्रुव पाराशर ने सिर्फ एक रन दिया। कप्तान एडेन माक्ररम ने हालांकि दूसरे ओवर में जुनैद सिद्दीकी को दो चौके जड़कर दबाव हटाया। तीसरे ओवर में उन्होंने हैदर अली शाह को नसीहत देते हुए तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। माक्ररम ने 11 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाये। नये बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने छठे ओवर में मोहम्मद जवादुल्लाह को दो चौके लगाकर दक्षिण अफ्रीका का पचासा पूरा किया लेकिन इसी ओवर में क्विंटोन डिकॉक ने हैदर शाह को कैच थमा दिया। पावरप्ले के बाद स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। इस साल एसए 20 में 370 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे ब्रेविस ने टूर्नामेंट में पहली बार खुलकर खेलते हुए पहले आठवें ओवर में जवादुल्लाह को मिडविकेट के ऊपर और फिर अगले ओवर में हैदर को लांग आन पर छक्का लगाया। दूसरे छोर से रिकेलटन ने मोहम्मद फारूक को 11वें ओवर में छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद में पाराशर को कैच देकर लौटे। रिकेलटन ने 16 गेंद में 30 रन बनाये। ब्रेविस ने 25 गेंद में एक चौके और तीन छक्कों के साथ 36 रन बनाये। इससे पहले यूएई की पूरी पारी में कुल दस चौके और दो छक्के लगे। अलीशान शराफू (38 गेंद में 45 रन) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका।

## माइक्रोसॉफ्ट एआई पहुंच बढ़ाने को दशक के अंत तक 50 अरब डॉलर निवेश करेगी

नयी दिल्ली। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने विकसित देशों के मुकाबले 'वैश्विक दक्षिण' के देशों में कृत्रिम मेधा (एआई) की पहुंच आधी होने का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि वह दशक के अंत तक इस फासले को दूर करने के लिए 50 अरब डॉलर का निवेश करने की राह पर है। माइक्रोसॉफ्ट की वाइस चेयर एवं अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ और उपाध्यक्ष एवं एआई प्रभारी नताशा क्रैम्पटन ने यहां आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन' में इस निवेश योजना की घोषणा करते हुए कहा कि 'वैश्विक उत्तर' (विकसित देश) और 'वैश्विक दक्षिण' (विकासशील देश) के बीच 'एआई खाई' पैदा होने से आर्थिक असमानताएं और गहरी हो सकती हैं। माइक्रोसॉफ्ट की नवीनतम 'एआई डिफ्यूजन रिपोर्ट' के मुताबिक, एआई का असमान उपयोग विकासशील क्षेत्रों में आर्थिक वृद्धि और अवसरों को सीमित कर सकता है।

# निसान ने भारत में लॉन्च की ऑल-न्यू ग्रेवाइट, शुरुआती कीमत 5.65 लाख रुपये

नई दिल्ली। जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने मंगलवार को भारत में अपनी नई कार 'ग्रैवाइट' लॉन्?च की। इसकी शुरुआती कीमत 5.65 लाख रुपये से 8.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा कि ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट भारतीय परिवारों की विविधता, व्यापकता एवं महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित है। कंपनी 2026 में ब्रांड के पुनरुत्थान के लिए कई नए वहान पेश करने और बिक्री ढांचे को मजबूत करने की तैयारी में है।कंपनी फिलहाल देश में केवल एक मॉडल 'मैग्नाइट' बेचती है। सौरभ वत्स ने बताया कि कंपनी ने अपना दूसरा मॉडल सात सीट वाली कार 'ग्रैवाइट' पेश की है। 'ग्रैवाइट' की (एक्स शोरूम) कीमत 5.65 लाख रुपये से 8.49 लाख रुपये के बीच है। उन्होंने कहा कि करीब 12 महीनों के भीतर हम तीन नए वाहन पेश करने जा रहे हैं। इसलिए यह पुनरुत्थान का वर्ष होगा, जो मुख्य रूप से स्पोर्ट यूटिलिटी वाहनों पर आधारित उत्पाद श्रृंखला पर टिका होगा। वत्स ने बताया कि 'मैग्नाइट' देश में कंपनी के उत्पाद खंड में अहम भूमिका निभाती रहेगी। उन्?होंने कहा कि कंपनी की योजना वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक बिक्री केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 250 करने की है। फिलहाल देशभर में कंपनी के लगभग 160 डीलर हैं। वत्स ने कहा कि भविष्य में निर्यात हमारे बुनियादी एवं मजबूत स्तंभों में से एक बना रहेगा३वित्त वर्ष 2026-27 में हम भारत से एक लाख इकाई निर्यात का आंकड़ा पार कर जाएंगे। उन्होंने बताया कि 'ग्रैवाइट' के अलावा कंपनी इस वर्ष के दौरान एक 'टेकटन स्पोर्ट' यूटिलिटी वाहन और सात सीट वाले मध्यम श्रेणी का स्पोर्ट यूटिलिटी वाहन भी लाने की योजना बना रही है।


## कृत्रिम मेधा अपनाने में 10 साल में अमेरिका से भी तेज हो सकता है भारतः श्रीधर वेम्बू

नयी दिल्ली। जोहो कॉरपोरेशन के सह-संस्थापक एवं प्रमुख वैज्ञानिक श्रीधर वेम्बू ने बुधवार को कहा कि युवा एवं अधिक आशावादी आबादी के नई प्रौद्योगिकी को अपनाने से अगले 10 वर्ष में भारत, कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल में अमेरिका से भी आगे निकल सकता है। यहां 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में वेम्बू ने कहा कि जिस तरह भारत में एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) बड़े पैमाने पर अपनाई गई, उसी तरह कृत्रिम मेधा भी जन-स्तर तक पहुंच सकती है। फाइबर ऑप्टिक का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 2000 के दशक में अमेरिकी उद्यम पूंजी निवेशकों ने दूरसंचार कंपनियों, खासकर फाइबर ऑप्टिक में ''दसियों अरब डॉलर'' लगाए जबकि आज यह प्रौद्योगिकी भारत में हर जगह है।

# सीतारमण ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री से की मुलाकात ईएफटीए-टीईपीए समझौतों और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

एजेंसी

ओस्लो। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यहां नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-ईएफटीए तथा टीईपीए समझौतों के क्रियान्वयन पर बातचीत की। दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि बैठक के दौरान उच्च तकनीक विनिर्माण, कार्बन कैप्चर और भंडारण, स्टार्टअप्स, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा और वेस्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर दिया



गया। नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने इस वर्ष प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नॉर्वे दौरे को लेकर उत्साह जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस यात्रा से भारत-नॉर्वे सहयोग को और मजबूती मिलेगी। इससे पहले निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे के जाने-माने मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और निवेशकों के साथ गोलमेज बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में भारत के राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के सीईओ और सीआईआई के अध्यक्ष ने भी हिस्सा लिया। नॉर्वे में व्यापार और निवेश समुदाय के 35 से ज्यादा सीईओ और टॉप लेवल के पार्टिसिपेंट्स के साथ बातचीत करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नॉर्वे के उनके ऑफिशियल दौरे में इंडिया को एक निवेश गंतव्य और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर दिलचस्प और सकारात्मक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 भी नागरिकों और कंपनियों के लिए रेगुलेटरी और कम्प्लायंस का बोझ कम करने पर भारत सरकार के रिफॉर्म फोकस को दिखाता है। इस दौरान राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के सीईओ ने एक प्रेज़ेंटेशन दिया, जिसमें भारत की ग्रोथ और रिफॉर्म की कहानी और दोनों देशों के बीच खास सेक्टर्स में निवेश के मौकों की संभावना और स्कोप पर रोशनी डाली गई। मंत्रालय के मुताबिक गोलमेज बैठक में रिन्यूएबल्स, कार्बन कैप्चर, रेयर अर्थ्स, फाइनेंशियल सर्विसेज़, एडवांस्ड इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग और शिप बिल्डिंग और शिप रिपेयर समेत मैरीटाइम इकोसिस्टम के अलग-अलग पहलुओं सहित खास सेक्टर्स में बिज़नेस और इन्वेस्टमेंट को-ऑपरेशन के मौजूदा और संभावित मौकों पर चर्चा हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### औपचारिक मुकाबले में कनाडा से भिड़ेगा अफगानिस्तान

**चेन्नई।** दर्शकों को अपने जज्बे और जोश भरे खेल से रोमांचित करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो चुके अफगानिस्तान और कनाडा बृहस्पतिवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने अंतिम मुकाबले में आमने-सामने होंगे तो दोनों टीम जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत कर एक मजबूत छाप छोड़ना चाहेंगी। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए यादगार 'डबल सुपर ओवर' मुकाबले में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। हालांकि उन्हें अंततः दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के किशोर बल्लेबाज युवराज सामरा ने चेन्नई में अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया और टी20 शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। अच्छे प्रदर्शन के साथ विदाई लेने की कोशिश में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान अपने भरोसेमंद शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान और गुलबदीन नईब पर निर्भर रहेंगे। विश्व कप में ये तीनों अब तक एक साथ प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जो टीम के आगे नहीं बढ़ पाने का एक प्रमुख कारण रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरबाज ने 42 गेंद में 84 रन की विस्फोटक पारी खेली और न्यूजीलैंड के खिलाफ नईब के 63 रन अफगानिस्तान के बल्लेबाजी क्रम की कुछ गिनी-चुनी झलकियों में शामिल रहे। अब उम्मीद है कि वे कनाडा के खिलाफ एक साथ अच्छी पारियों खेलेंगे। अफगानिस्तान अजमतुल्लाह उमरजई से भी अहम योगदान की उम्मीद करेगा। इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने तीन मैच में आठ विकेट लिए हैं जबकि राशिद खान की 'गुगली' किसी भी टीम को परेशान करने की क्षमता रखती है। कनाडा के लिए उम्मीदें सलामी जोड़ी सामरा और कप्तान दिलप्रीत बाजवा पर टिकी होंगी जिन्होंने पिछले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय साझेदारी की थी। कनाडा की टीम ऐसे गेंदबाज की तलाश करने में जूझ रही है जो विपक्षी बल्लेबाजी क्रम में सेंध लगा सके। तेज गेंदबाज जसकरण सिंह, डिलन हेलीगर और दिलप्रीत प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। फिर भी अगर वे गेंद से अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो मुकाबला रोचक बन सकता है। टीमें इस प्रकार हैं : अफगानिस्तानः राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जदरान, अब्दुल्ला अहमदजई, अजमतुल्लाह ओमरजई, दरवेश रसूली, फजलहक फारूकी, गुलबदीन नईब, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, रहमानुल्लाह गुरबाज, सदीकुल्लाह अटल, शाहिदुल्लाह, जियाउर रहमान। कनाडाः दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), नवनीत धालीवाल, डिलन हेलीगर, अजयवीर हुंडाल, जसकरण सिंह, कलीम सना, निकोलस किर्टन, श्रेयस मोव्वा, अंश पटेल, रविंदरपाल सिंह, साद बिन जफर, युवराज समरा, शिवम शर्मा, कंवरपाल तत्गुर, हर्ष ठाकर।

### अदालत ने ईएफआई में नए चुनाव कराने और आईओए को तदर्थ पैनल गठित करने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) में नए सिरे से चुनाव कराने का आदेश दिया और इसके साथ ही भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को इस खेल संस्था के संचालन के लिए एक स्वतंत्र तदर्थ प्रशासनिक समिति के गठन का भी निर्देश दिया। यह मामला न्यायमूर्ति कौरव की अध्यक्षता वाली न्यायालय 14 के समक्ष मद संख्या चार पर सूचीबद्ध था, जो भारत संघ द्वारा दायर याचिका की सुनवाई कर रहे थे जिसमें ईएफआई के मामलों के प्रशासन के लिए एक तदर्थ प्रशासनिक समिति की नियुक्ति की मांग की गई थी। अदालत को सूचित किया गया कि पेरिस ओलंपिक 2024 को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कार्यकारी समिति को फिर से बहाल कर दिया गया था और उसका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। राजस्थान घुड़सवारी संघ ने कहा कि ईएफआई के चुनाव बहुत पहले हो जाने चाहिए थे। अदालत को एक संक्षिप्त नोट से यह भी सूचित किया गया कि राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 लागू हो गया है, जो देश में राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) के प्रशासन के लिए एक वैधानिक ढांचा प्रदान करता है। अदालत ने कहा कि नए कानूनी ढांचे को ध्यान में रखते हुए ईएफआई में चुनाव कराए जाने चाहिए।

### डीएलटीए ने भारतीय डेविस कप टीम को सम्मानित किया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने यहां चल रहे दिल्ली ओपन के दौरान नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय डेविस कप टीम को सम्मानित किया। भारत ने इस महीने की शुरु में बेंगलुरु में एक रोमांचक मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली नीदरलैंड की टीम को 3-2 से हराकर सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय टीम की तब रैंकिंग 33 थी। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने मंगलवार रात को सम्मान समारोह के दौरान कहा, ''डीएलटीए में हम हर स्तर पर भारतीय टेनिस का समर्थन करने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली ओपन के दूसरे दौर में पहुंच चुके सुमित नागल ने समारोह के दौरान मीडिया से इस जीत पर बात करते हुए कहा, ''सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आप कोर्ट में जाकर अपना मैच जीतते हैं तो यह आसान होता जाता है। स्विट्जरलैंड में हमें दो अंक मिले और इस बेंगलुरु मुकाबले में युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने सभी अंक हासिल किए। आखिर में डेविस कप मुकाबला टीम के बारे में है और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। नागल ने अपने साथी दक्षिणेश्वर सुरेश की भी तारीफ की जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ अपने दोनों एकल मैच जीते। उन्होंने कहा, ''मैं उनसे 2016 में मिला था इसलिए मैं उन्हें 10 साल से जानता हूं। मैंने हमेशा उनका समर्थन किया है। वह बहुत अच्छे इंसान हैं, बहुत शांत और कोर्ट पर चतुर। मुझे भरोसा है कि वह अच्छा कर सकते हैं और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। जब भी उन्हें लगता है कि कुछ कमी है या कोई सलाह चाहिए तो वह इसके बारे में पूछते हैं। सितंबर में कोरिया के खिलाफ भारत के अगले मुकाबले के बारे में बात करते हुए नागल ने कहा कि यह आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''आप शीर्ष 16 का मैच खेल रहे हैं तो अब आपको आसान मैच नहीं मिल सकता। उनकी टीम हमेशा अच्छा खेलती है, उन्होंने डेविस कप में हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बागेश्वर धाम धीरेन्द्र शास्त्री की प्रयागराज में सात मार्च से शुरु होगी हनुमंत कथा, जुटेंगे लाखों भक्त : डॉ उदय प्रताप सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की होने वाली श्री हनुमंत कथा को लेकर प्रयाग उत्थान समिति की कोर कमेटी की तैयारी बैठक बुधवार को ठाकुर हर नारायण सिंह पी जी कालेज करैला बाग के सभागार में हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 7 से 11 मार्च तक परेड ग्राउंड में बाबा बागेश्वर धाम धीरेन्द्र शास्त्री की पंच दिवसीय श्री हनुमंत कथा का विशाल आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारम्भ विशाल मंगल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। जिसमें 21 हजार

**■ 21 हजार महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर शामिल होंगी विशाल मंगल कलश यात्रा में**

महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर मंगल कलश यात्रा में शामिल होंगी। जिसमें पंडित धीरेंद्र शास्त्री के संग रामानंद सागर सीरियल के राम, सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले प्रसिद्ध कलाकार अरूण गोविल, दीपिका और सुनील लहरी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इनके अलावा वृंदावन से अनिरुद्धाचार्य जी, पुंडरीक गोस्वामी,



राजेंद्र दास महाराज, इंद्रेश महाराज, नरोत्तम महाराज, देवकीनंदन महाराज, डा अनिरुद्ध महाराज, हरिद्वार से स्वामी रामदेव-आचार्य बालकृष्ण, अवधेशानंद गिरि, चिदानंद सरस्वती, कैलाशानंद महाराज, दिल्ली से आचार्य महामंडलेश्वर आनंद अखाड़ा बालकानंद गिरि महाराज एवं कई संत एवं महंतगण शामिल रहेंगे और सद्गुरु रीतेश्वर महाराज के आने की सम्भावना है। उन्होंने आगे कहा कि इससे अलावा कथा के विभिन्न दिवस पर महाभारत सिरियल में कृष्ण, युधिष्ठिर, अर्जुन और दुर्योधन का किरदार निभाने वाले नीतीश भारद्वाज, गजेंद्र सिंह, फिरोज खान, पुनीत इस्सर और भजन सम्राट सांसद मनोज तिवारी, कन्हैया मित्तल, जया किशोरी और अनामिका जैन अंबर एवं भोजपुरी फिल्म जगत के सुपरस्टार अभिनेता सांसद रवि किशन, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ और पवन सिंह शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में देश के कई केंद्रीय मंत्री, प्रदेश के कई कैबिनेट मंत्री, सांसद विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। समिति के महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने बताया कि 7 मार्च को सुबह 9 बजे मंगल कलश यात्रा विधि विधान के साथ पूजन अर्चन केपी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा।

# बीएचयू में अटल अजीत मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी का अनावरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फीथियेटर खेल मैदान पर बुधवार को अटल अजीत मेमोरियल ट्रॉफी का अनावरण कीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. ए .के .नेमा ने किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं भारतीय टीम के पूर्व कप्तान पद्मश्री अजित वाडेकर की स्मृति में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत गुरुवार से विश्वविद्यालय के मेडिकल खेल मैदान में होगी। अटल-अजीत मेमोरियल ट्रॉफी का अनावरण कर प्रो. ए .के .नेमा ने कहा कि यह ट्रॉफी सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं है। यह दिव्यांगजनों के हौसलों के संघर्ष की ट्रॉफी है । जिस प्रकार से विषम परिस्थितियों में अपूर्ण अंग होने के बावजूद ये शानदार खेल का प्रदर्शन करते हैं। वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव डॉ संजय चौरसिया ने बताया कि यह ट्रॉफी ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट



काउंसिल आफ इंडिया के सहयोग से दो राज्यों उत्तर प्रदेश व बिहार के मध्य खेली जाएगी, इसमें कुल तीन मैच होंगे। 20 फरवरी को दो मैच तथा 21 को फाईनल मैच खेला जाएगा। अंतिम दिन खिलाड़ियों को इनाम और पुरस्कार दिया जाएगा। हम खेलों के माध्यम से दिव्यांगजनों के अंदर आत्मविश्वास जगाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार के आयोजन पिछले 10 वर्षों से करते आ रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ उत्तम ओझा ने कहा कि खेल के माध्यम से हम दिव्यांगजनों को सशक्त करने के लिए इस प्रकार के आयोजन लगातार कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है दिव्यांगजनों को 2047 के विकसित भारत में उनको महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करना और उन्हें भी राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित करना है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम के कप्तान सुबोध राय प्रतियोगिता के सह संयोजक अभिषेक पांडेय, मीडिया प्रभारी डॉ मनोज तिवारी भी मौजूद रहे।

## मीरजापुर में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले की चुनार कोतवाली पुलिस ने बुधवार को धरहरा गांव से एक महिला तस्कर सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 54.72 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई है। क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार को ग्राम धरहरा में दबिश दी। इस दौरान धरहरा निवासी जय सिंह की पत्नी रेखा सिंह, शिवचक गंगापुर बड़ी बाग निवासी आयुष सिंह और धरहरा निवासी दीपक पटेल को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से पुलिस को 54.72 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई है। इन सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

# शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के जमीन अधिग्रहण के लिए कमेटी का चयन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के जमीन अधिग्रहण के लिए कमेटी का चयन कर लिया गया है। मामले में जमीन अधिग्रहण के लिए नियुक्त अधिकारी मुरादाबाद के सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडेय ने बताया कि अभी जमीन अधिग्रहण के लिए डीपीआर बनकर एनएचएआई से नहीं आई है। डीपीआर में जमीन के स्थान निर्धारित हो जाएंगे। इसी आधार पर अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए डीपीआर बनाने का काम अंतिम चरण में है। कागजी कार्रवाई के बाद अधिग्रहण का काम शुरू हो जाएगा। एनएचएआई ने एक्सप्रेसवे से संबंधित



गांवों में भूमि क्रय विक्रय के साथ लैंड यूज चेंज पर रोक लगाने के लिए गजट जारी किया है। धारा 3-ए के तहत गाटा खसरा की सूची तैयार की जा रही है। वहीं एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण करने के लिए गजट जारी किया गया है। जमीन के गाटा संख्या को चिन्हित करने का काम चल रहा है। जमीन के सीमांकन काम जिले में नियुक्त अधिग्रहण के अधिकारी करेंगे। एक्सप्रेसवे का निर्माण होने में कम से कम तीन साल का समय लगेगा। यह एक्सप्रेसवे मुरादाबाद के 60 गांवों से होकर गुजरेगा। इसमें ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के सर्वाधिक 26 गांव शामिल किए गए हैं। एनएचएआई, मुरादाबाद जोन के पीडी अरविंद कुमार ने बताया कि शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस के लिए गजट जारी किया गया है। अधिकारिक रूप से जमीन अधिग्रहण का काम शीघ्र शुरू किया जाएगा। उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुसार अपने जोन में दायित्व को पूरा किया जा रहा है।

# पिछले चार दिन से हवालात में बंद दिव्यांग को हालत बिगड़ने पर छोड़ा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद की कमालगंज थाना पुलिस ने पिछले चार दिन से हवालात में बंद दिव्यांग को स्वास्थ्य बिगड़ने पर बुधवार को छोड़ दिया। उसे हवालात से बाहर निकाल कर परिजनों को सौंप दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम विज्जी दरोरा में 15 फरवरी को समर पाल यादव व अभय सिंह यादव के बीच झगड़ा हुआ था। आरोप है कि अभय यादव व उनके बेटों ने समर पाल पर दिनदहाड़े फायरिंग कर मारपीट की थी। शिकायत करने पर 112 नंबर पुलिस समर पाल को रिपोर्ट लिखवाने के लिए थाने ले गई थी। पुलिस ने समर पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया। पुलिस ने राजनीतिक दबाव पड़ने पर अभय सिंह की ओर से समर पाल व उनके बेटे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। कमालगंज थाने के दरोगा कमलेश कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ 15 फरवरी को समर पाल के घर दबिश देकर तोड़फोड़ की थी। पुलिस डंडे के सहारे चलने वाले दिव्यांग समर पाल व उनके बेटे सुधीर को पकड़ ले गई थी। आज हालत बिगड़ने पर मजबूरन पुलिस ने समर पाल को कमालगंज में रहने वाले रिश्तेदारों को सौंप दिया। उसे कमालगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। पीड़ित समर पाल ने बताया कि पुलिस चार दिन पहले मुझे व मेरे बेटे को घर से पकड़ ले गई थी। इस दौरान पुलिस ने मेरे घर को वीरान कर दिया था। हवालात में भूखमरी की नौबत रही रिश्तेदारों ने खाना लाकर खिलाया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# शिवधाम ऋषि आश्रम में राम विवाह और धनुष भंग की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल तहसील क्षेत्र के शेखुपुर-जैनपुर स्थित शिवधाम ऋषि आश्रम में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा वाचक पंडित राज नारायण (राजा पंडित) ने भगवान श्रीराम के धनुष भंग और राम विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूरे परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा। कथा के दौरान पंडित राज नारायण ने बताया कि किस प्रकार मिथिला नरेश जनक ने अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर के लिए भगवान शिव के दिव्य धनुष को प्रत्यंचा चढ़ाने की शर्त रखी थी। अनेक राजा-महाराजा धनुष को उठाने तक में असफल रहे, तब गुरु विश्वामित्र के आदेश पर श्रीराम ने सहज भाव से धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और वह भंग हो गया। धनुष टूटते ही पूरी सभा ह्लजय श्रीरामङ्क के उद्घोष से गूंज उठी। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इसके बाद कथा वाचक ने राम-सीता विवाह का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि मर्यादा और आदर्शों का मिलन था। विवाह प्रसंग के दौरान मंगल गीतों का गायन हुआ और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर आनंद व्यक्त किया। पंडित जी ने बताया कि भगवान राम का जीवन त्याग, मर्यादा और धर्म पालन का संदेश देता है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा प्रतिदिन निर्धारित समय पर जारी रहेगी और समापन दिवस पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा स्थल पर व्यवस्था सुचारु रखने के लिए स्वयंसेवक भी सक्रिय रहे। पूरे क्षेत्र में राम कथा को लेकर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

# दिव्यांगजनों ने अंत्योदय राशन कार्ड सहित कई मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, डीएसओ ने दिया आश्वासन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांगजन अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं। उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में कई बार जिलाधिकारी और जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

यह बातें बुधवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कही। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कचहरी स्थित जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय परिसर में अंत्योदय राशन कार्ड बनाने, राशन की दुकानों में पांच प्रतिशत आरक्षण के तहत दुकानों के आवंटन और उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शासनादेश जारी होने के बावजूद दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वीरेन्द्र कुमार ने



कहा कि अंत्योदय राशन कार्ड और उज्ज्वला योजना का लाभ मिलने से वंचित दिव्यांगजन गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राशन की दुकानों में दिव्यांगों के लिए निर्धारित पांच प्रतिशत आरक्षण के तहत आवंटन नहीं किया जा रहा है। कानपुर नगर में केवल दो प्रतिशत कोटा के तहत ही दुकानों का आवंटन किया गया है, जबकि शेष कोटे पर अमल नहीं हो रहा। इस पर जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) राकेश कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें आश्वासन दिया गया है। जिन पात्र दिव्यांगजनों को अब तक अंत्योदय राशन कार्ड और उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं मिला है, उनकी सूची तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसे शासन स्तर पर भेजकर आवश्यक कार्रवाई कराई जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में राशन दुकानों के कोटा आरक्षण के अंतर्गत वर्तमान में कोई पद रिक्त नहीं है। जैसे ही कोई दुकान रिक्त होगी, नियमानुसार दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देते हुए सूचना दी जाएगी।

# जौनपुर में मतदाताओं के नाम कटने के विरोध में प्रदर्शन, एडीएम कर रहे जांच



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित केराकत तहसील क्षेत्र के मुर्की गांव में एक मतदाता की ईपिक संख्या का कथित दुरुपयोग कर प्रारूप-7 के माध्यम से 146 मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए आवेदन जमा किया गया। ग्रामीणों के विरोध के बाद एडीएम ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। मुर्की निवासी सुमैया बानो प'ी मोहम्मद अफसर ने निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है कि उनकी वोटर आईडी संख्या का गलत इस्तेमाल करते हुए ग्राम पंचायत की भाग संख्या 138 व 139 से 146 मतदाताओं को स्थायी रूप से स्थानांतरित दर्शाकर नाम विलोपन का आवेदन तहसील में प्रस्तुत किया गया। जबकि निर्वाचन नामावली के भाग संख्या 139, क्रम संख्या 103 पर उनका नाम विधिवत दर्ज है। उन्होंने इसे बदनाम करने की साजिश बताते हुए प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामला सामने आने पर गांव में हलचल बढ़ गई। प्राथमिक विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर नाम कटने का विरोध करते दिखाई दिए। जांच के दौरान फॉर्म-7 पर अंकित ईपिक संख्या, मोबाइल नंबर और आवेदक का नाम अलग-अलग व्यक्तियों का पाया गया, जिससे संदेह और गहरा गया। ग्रामीणों का कहना है कि बीएलओ द्वारा सोमवार को नाम कटने की सूचना दी गई, जबकि अभिस्वीकृति रसीद पर एक फरवरी की तिथि अंकित है। फॉर्म पर दर्ज आवेदक पांचू राम ने भी अपने नाम के उपयोग से अनभिज्ञता जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविस्ता ने बताया कि सूची में उनके पिता का नाम भी शामिल है। संबंधित मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर व्यक्ति ने नंबर के दुरुपयोग की बात कही। इस संबंध में बीएलए-1 संजय पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि फॉर्म-7 आपत्ति दर्ज करने का माध्यम है, जिसके बाद सत्यापन किया जाता है। सही पाए जाने पर नाम नहीं काटा जाता। इस मामले में बुधवार को एडीएम एफआर परमानंद झा ने बताया कि मामला सामने आया है पूरे प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई का करने का आश्वासन दिया है। हालांकि इस मामले को लेकर सपा और कांग्रेस पार्टी के लोग लगातार ऐसे मामले को लेकर चुनाव आयोग से और जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज करा चुके हैं।

## कानपुर में लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला फर्जी दारोगा गिरफ्तार

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर नगर के अनवरगंज थाना क्षेत्र में लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक फर्जी दारोगा को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपित न केवल झूठे पुलिस अफसर का रूप धारण कर लोगों को डराता था, बल्कि उनसे पैसे वसूलने के लिए तरह-तरह के हथकंडे भी अपनाता था। पुलिस को उसके कब्जे से फर्जी वर्दी, फर्जी आईडी कार्ड, लाइटर पिस्टल और कारतूस समेत अन्य चीजें बरामद हुई है। पुलिस उपायुक्त मध्य अतुल श्रीवास्तव ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि अनवरगंज थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहनकर कल्याणी रोड के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपित को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपित युवक की पहचान उन्नाव निवासी संजय कुमार सिंह के रूप में हुई। वह फर्जी तरीके से खुद को दारोगा बताकर लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देता था। वह पुलिस की यूनिफार्म में रहता था ताकि लोगों को उस पर शक न हो। यहां तक कि उसने कार पर सरकारी नंबर की कूट रचित नंबर प्लेट लगाया था। वह लखनऊ में प्राइवेट स्कूल और होटल किराए पर लेकर नकली इंटरव्यू और परीक्षा का आयोजन कराता था। लोगों से पैसे लेने के बाद उन्हें रिजल्ट आने में देरी का बहाना बनाकर डराता और धमकाता था। डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित संजय कुमार सिंह अपने अन्य दो साथियों दुर्गेश सविता और विजय चौहान के साथ मिलकर ठगी का यह काम कर रहा था। फिलहाल दोनों आरोपित फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# केन्द्रीय बजट 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला : डॉ केके मिश्रा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुरादाबाद महानगर की देहात विधानसभा में बुधवार को केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर ''बजट परिचर्चा'' का आयोजन नबीनगर स्थित मंडल कार्यालय पर किया गया। परिचर्चा में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ केके मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में प्रस्तुत किया गया बजट 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण है। डॉ केके मिश्रा ने आगे कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से प्रस्तुत बजट मुख्य रूप से युवा, महिला, किसान, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और गरीबों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। यह बजट ग्रामीण विकास, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। साथ ही उत्तर प्रदेश के विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला बजट है। यह बजट राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग, कृषि और युवाओं का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का यह बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट सर्व समाज का बजट है। बजट में स्वास्थ्य सेवा का बहुत ध्यान रखा गया है। इस बजट में स्वास्थ्य से संबंधित 36 जीवन रक्षक दवाओं जैसे कैंसर और गंभीर बीमारियों में उपयोग होने वाली दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है। संचालन कार्यक्रम संयोजक राहुल शर्मा ने किया। बजट चौपाल में सह संयोजक नवदीप टंडन, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता सहित विशाल त्यागी, सुनीता शर्मा, शम्मी भटनागर, अजय वर्मा, राजदीपक शर्मा, शशि किरण, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, सोमपाल सिंह, विशाल रस्तौगी, वीरपाल सिंह, संजय कुमार, मयंक कश्यप, पार्षद पंकज शर्मा, शीतल रानी, टीटू सैनी, दिनेश गोला, क्षमा अग्रवाल, मीना सक्सेना, नमिता सक्सेना, सुनीता सक्सैना, निर्वेश भटनागर आदि रहे।